प्रो० पी.के. वार्ष्णेय

(जवागत प्राचार्य)

महाविद्यालय का लक्ष्य

महाविद्यालय का लक्ष्य छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एक ऐसा अनुकूल वातावरण प्रदान करना है जिसमें सभी अपनी क्षमता के अनुरुप दैनिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करें।

हमारा उद्देश्य

हमारा उद्देश्य राष्ट्र की युवा शक्ति को वह दिशा और सामर्थ्य प्रदान करना है। जिससे वह भविष्य के भय, शोषण, असमानता, अन्याय, भ्रष्टाचार और गरीबी से मुक्त तथा सर्वरुपेण समृद्ध भारत का निर्माण कर सके।

Email : dragdc.bisauli@rediffmail.com
Website : www.dragdcbisauli.org

दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली (बदायूँ)
योग : कर्मसु कौशलम्

प्रेरणा

महाविद्यालय पत्रिका

वार्षिक पत्रिका संयुक्तांक (2021-23)

दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिसौली, जिला बदायूँ (उ०प्र०)

NAAC ACCREDITED - GRADE "B"

महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत सरकार द्वारा 12-बी एवं 2 एफ में मान्यता प्राप्त

स्मार्ट फोन/टेबलेट वितरण

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजीव गुप्ता उप जिलाधिकारी बिसौली सुश्री ज्योति शर्मा व सी.ओ. बिसौली टेबलेट वितरण करते हुए

लाभार्थी छात्र/छात्रायें

महाविद्यालय प्राचार्य एवं प्राध्यापक गण

प्रथम चरण के समस्त टेबलेट लाभार्थी

द्वितीय चरण में स्मार्ट फोन वितरण करते हुए एस.डी.एम बिसौली एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष भाजपा श्री दुर्गेश वार्ष्णेय

द्वितीय चरण के लाभार्थी

स्मार्ट फोन/टेबलेट वितरण

जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ के सौजन्य से महाविद्यालय में बृहद रोजगार मेले का शुभारंभ करती एस.डी.एम. बिसौली

रोजगार मेले में पंजीकरण कराते हुए महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें

रोजगार मेले में आई कम्पनी के समक्ष साक्षात्कार देते हुए महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें

बृहद रोजगार मेले में एस.डी.एम. बिसौली, जिला क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी श्री सचिन कुमार, परवेज खान, प्राचार्य डॉ० सपना भारती कैरियर एवं काउंसिलिंग प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० एम.एम. वार्ष्णेय, अन्य

बृहद रोजगार मेले में उपस्थित रोजगार हेतु आवेदक महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें

सफल रोजगार मेले की शुभकामनायें देती हुई एस.डी.एम बिसौली

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

राज भवन
लखनऊ - 226 027
22 मार्च 2023

सत्यमेव जयते

सन्देश

यह हर्ष का विषय है कि दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ द्वारा वार्षिक पत्रिका ''प्रेरणा'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

पत्रिकाएं छात्रों एवं अध्यापकों की सृजन क्षमता को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम होती हैं। मुझे आशा है कि महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका में ऐसी ज्ञानवर्द्धक और रचनात्मक पाठ्य सामग्री का समावेश किया जायेगा, जो विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ जन सामान्य के लिये भी उपयोगी होगी।

वार्षिक पत्रिका श्प्रेरणा के सफल प्रकाशन के लिये मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

भवदीय
आनंदीबेन
(आनंदीबेन पटेल)

डॉ0 मदन मोहन वार्ष्णेय (मुख्य संपादक) ''प्रेरणा''
दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ।

दूरभाष : 0522-2236497 फैक्स : 0522-2239488 ईमेल www.upgovernor.gov.in

प्रो० ब्रह्मदेव
निदेशक उच्च शिक्षा, उ.प्र.

उच्च शिक्षा निदेशालय उ.प्र.
सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
0532-2623874 (का०)
0532-243919 (फैक्स)
Email : infodheup21@gmail.com
Date : 12/04/2023

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ अपनी वार्षिक पत्रिका ''प्रेरणा'' के पंचदश (संयुक्तांक) का प्रकाशन करने जा रहा है। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के प्रकाशन से छात्र-छात्राओं के नैतिक, सामाजिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का अवसर प्राप्त होगा।

मैं आशा करता हूँ कि वार्षिक पत्रिका महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए अभिव्यक्ति का एक अच्छा मंच साबित होगी तथा इसमें महाविद्यालय से सम्बंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश किया जायेगा।

वार्षिक पत्रिका ''प्रेरणा'' के सफल प्रकाशन हेतु मैं सम्पादक मण्डल छात्र-छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

प्रो० (ब्रह्मदेव)

प्रतिष्ठा में,

डॉ० सपना भारती (प्राचार्या)
दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ।

प्रो. के. पी. सिंह
Prof. K.P. Singh
कुलपति
Vice-Chancellor

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय
बरेली – 243006
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKAND UNIVERSITY,
BAREILLY - 243006

चरैवेति चरैवेति

महात्मा ज्योतिबा फुले
रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

दिनांक: 24.03.2023

सन्देश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, जिला बदायूँ अपनी पत्रिका *''प्रेरणा''* के पंचदश (संयुक्तांक) का प्रकाशन करने जा रहा है। मुझे आशा है कि इस पत्रिका के प्रकाशन से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सार्थक एवं प्रेरणादायी पाठ्य-सामग्री उपलब्ध होगा, इसके साथ-साथ विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को लेख के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर भी मिल सकेगा।

मुझे विश्वास है कि इस पत्रिका के प्रकाशन से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ज्ञानवर्द्धक, रोचक साहित्य पढ़ने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

शुभकामनाओं सहित!

(के0पी0 सिंह)

डा0 मदन मोहन वार्ष्णेय (मुख्य संपादक)
दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ।

Ph./फोन : कार्या./off.+91-581-2527282, निवास/Resi. +91-581-2523378, फैक्स/Fax कार्या-/off. +91-581-2528384,
निवास/Resi. +91-581-2523334, e mail : vcoffice@mjpru.ac.in

डॉ0 बिन्द्रावन लाल शर्मा
सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा निदेशालय उ.प्र.
प्रयागराज
0532-2623874 (का०)
8299795178 (मो०)
दिनांक : 16/05/2023

सन्देश

मैं यह जानकर अति प्रसन्न हूँ कि दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं में लेखन प्रतिभा को विकसित करने तथा उनकी अभिव्यक्ति को मौलिकता प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की पत्रिका ''प्रेरणा'' के पंचदश (संयुक्तांक) प्रकाशित कराने जा रहा है। यह एक प्रशंसनीय कार्य हैं। महाविद्यालय परिवार के साथ देश एवं समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में ''प्रेरणा'' पत्रिका सशक्त माध्यम बन सकती है।

मुझे विश्वास है कि पत्रिका के माध्यम से शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को अपनी अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक प्रतिभा के प्रदर्शन का सुअवसर प्राप्त होगा साथ ही उनका ज्ञान संवर्द्धन भी होगा।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

प्रो० (बी.एल. शर्मा)

प्रो० डॉ0 सपना भारती (प्राचार्या)
डॉ0 मदन मोहन वार्ष्णेय (मुख्य संपादक) ''प्रेरणा''
दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ।

प्रो० (डॉ०) सन्ध्या रानी शाक्य

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
बरेली एवं मुरादाबाद मण्डल बरेली
दूरभाष 0581-2423799, 9410219915
दिनांक 20.03.2023

सन्देश

आदरणीय महोदया,

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि दमयन्ती राज आनन्द राजकीय महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ अपनी वार्षिक पत्रिका *''प्रेरणा''* के पंचदश (संयुक्तांक) का प्रकाशन करने जा रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका में ऐसे लेखों व तथ्यों को स्थान दिया जायेगा जो सभी विद्यार्थियों व पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक होगें व इससे एकेडमिक गतिविधियों को बढ़ावा भी मिलेगा। यह पत्रिका छात्र-छात्राओं में लगन से अपने क्षेत्र में अग्रसर होने, बौद्धिक विकास व भविष्य को और अधिक बेहतर बनाने में सफल सहयोग करेगी। सम्पादक मण्डल व महाविद्यालय का यह पत्रिका सम्पादित करने का कार्य एक सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र है।

पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

सादर।

भवनिष्ठ

प्रो० डॉ० सन्ध्या रानी शाक्य

प्रतिष्ठा में,

डॉ० सपना भारती (प्राचार्या)

दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ।

प्राचार्य की कलम में

प्रो० सपना भारती
प्राचार्या

महाविद्यालय की पत्रिका ''प्रेरणा'' पंचदश समग्र अंक प्रकाशित होने जा रहा है यह मेरे लिए बड़े ही गौरव का विषय है। मैं अपने कुछ विचार साझे कर रही हूँ।

सफलता की तीन सहेलियाँ है- ''समझदारी, ईमानदारी जिम्मेदारी''

इन्ही का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय की उन्नति के लिए महाविद्यालय परिवार निरन्तर प्रयासरत है। महाविद्यालय का उद्देश्य है, राष्ट्र की युवा शक्ति को नयी दिशा और दशा प्रदान करना ताकि आज का युवा न केवल श्रेष्ट नागरिक बल्कि युवा वर्ग भारतीय मूल्यों एवं आदर्शो को अपने जीवन का आधार बनाकर वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना सके।

युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास को ध्यान रखते हुए शासन ने ''नयी शिक्षा नीति'' को लागू किया। अध्ययन के साथ युवा अन्य कौशल को भी सीख सकें। शिक्षा में अन्तराल को खत्म किया गया जिससे किसी कारण से शिक्षा पूर्ण न होने के कारण युवा किसी भी स्तर पर शिक्षा (डिग्री) व्यर्थ न हो इसी का वर्तमान में ऑनलाइन शिक्षा/कम्प्यूटर ज्ञान को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वाई-फाई सुविधा दी गयी तथा महाविद्यालय में ई-लर्निंग पार्क को विकसित किया गया जिससे विद्यार्थियों को ऑन लाइल अध्ययन सुगम हो सके शासन ने डिग्री स्तर पर टेबलेट व स्मार्ट फोन भी उपलब्ध कराये हैं। जिसका विद्यार्थियों द्वारा सदुपयोग किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सत्र 2020-21, 2022-23 में रोजगार मेले का आयोजन कराया गया जिसमें लगभग 344 विद्यार्थियों को रोजगार दिलाया गया। तथा सत्र 2021-22, 22-23 में लगभग 125 टेबलेट फोन और 404 स्मार्टफोन 529 टेबलेट/स्मार्टफोन वितरित किये गये तथा उद्यमिता रोजगार मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को लघु उद्योग धंधे की जानकारी दी।

महाविद्यालय में रुसा के अर्न्तगत कम्प्यूटर लैब तथा छात्राओं के लिए शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें कम्प्यूटर लैब दि0 28-01-23 को हस्तगत कर लिया गया है। वर्ष 2023-24 में नैक (NAAC) का पुनर्गठन किया जाना है तथा एक वृहद्ध (100 सीट का) सुसज्जित (AUDITORIUM) (प्रेक्षा गृह) का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में परास्नातक (भौतिकी, रसायन, जीव तथा वनस्पति विज्ञान) स्तर पर भी प्रस्ताव भेजा जा चुका है तथा कला संकाय में (संस्कृत) विषय में परास्नातक स्तर पर भी प्रस्ताव भेजा जा चुका है। महाविद्यालय के सभी विद्वान जन लगातार महविद्यालय को बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

''जो बीच राह में बैठ गये, वो बैठे ही रह जाते हैं।
जो लगातार चलते रहते हैं, वो निश्चय ही मंजिल को पाते है।

अंत मे महाविद्यालय पत्रिका ''प्रेरणा'' के पंच दश (समग्र) अंक के प्रकाशन की श्रृंखला को सफलता पूर्वक बनाये रखने हेतु समस्त सम्पादक मण्डल छात्र/छात्राओं, कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ।

प्रसंगवश .....

गंगा जमुनी संस्कृति की अविरल धारा में अभिसिंचित, सौहार्द के प्रतीक बिसौली नगर के हदय अंचल में स्थित दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली की पत्रिका 'प्रेरणा' को आपके हाथों में सौंपते हुए असीम हर्षानुभूति हो रही है, महाविद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिका में एक ओर उसकी समस्त विकासात्मक गतिविधियों का प्रतिबिम्बन होता है दूसरी ओर यह अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सृजनात्मकता एवं उनके भीतर स्फुरित होती लेखन अभिरूचि को उजागर करने का माध्यम बनती है। पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं की अभिव्यक्ति क्षमता को एक दिशा एवं स्वरूप प्राप्त होता है, जो भविष्य में उनकी रचनात्मक प्रतिभा के उन्नयन का उत्सर्जन बिन्दु बन जाता है। ज्ञान के व्यापक धरातल पर चिन्तन तथा आत्मबोध का यह प्रयास भविष्य में लेखन हेतु अभिप्रेरित ही नहीं करता अपितु उनमें उच्च संस्कार, बौद्धिक लगन एवं ज्ञानात्मक बोध का अभिसंचरण भी करता है।

निसदेंह महविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना, नारी उन्नयन एवं स्वावलम्बन की ओर दिशा गामी करना ही नहीं अपितु अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भीतर ज्ञान की पिपासा भरना, उन्हें आत्मविश्वासी बनाना भी है। 'प्रेरणा' वह विचार मंच है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं की भाव संवेदनाएं स्वत: स्फूर्त होने का अवसर प्राप्त कर सके, हमारी युवा पीढ़ी रचनात्मकता की ओर बढ़ सके, अपने आसपास घट रही घटनाओं के प्रति सजग रहें जीवन के मूल्य मर्यादाओं को समझें, उनका चारित्रिक विकास हो, यही हमारा प्रयास है।

विगत दो सत्रों में छात्र-छात्राओं द्वारा जो लेखन सामग्री 'प्रेरणा' में प्रकाशनार्थ दी गयी उसका अवलोकन करने पर प्रतीत हुआ कि आज की युवा पीढ़ी अपने समसामयिक सामाजिक, राष्ट्रीय ज्वलन्त विषयों के प्रति संजीदा ही नहीं हैं, अपितु उसकी अपनी प्रतिक्रियाएं भी है, निजी विचारणाएं भी हैं। कविता वैविध्यमय जीवन के प्रति आत्मचेतस व्यक्ति की प्रतिक्रिया होती है। छात्र-छात्राओं के युवा मन के जो सपने हैं, आशा आकाक्षांएं हैं, जो प्रश्न प्रति प्रश्न हैं वही उनकी कविताएं है और प्रेरणा की सार्थकता भी है।

इस अंक में कुछ आलेख महाविद्यालय परिवार के सदस्यों के भी है जो छात्र-छात्राओं कोस्वस्थ लेखन की प्रेरणा देगें ऐसा हमारा विश्वास है।

'प्रेरणा' के प्रकाशन के अन्तराल में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया का दिशा निर्देशन हमेशा प्रेरणाष्पद रहा। महविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग एवं शुभकामनाओं के परिणाम स्वरूप ही पत्रिका का प्रकाशन सम्भव हो सका।

हम महाविद्यालय में शिक्षा अर्जित कर रहे छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं, वे शिक्षा, संस्कार, आत्म विश्वास एवं कौशल विकास की सम्पूर्ण सम्भावनाओं से मंडित अपनी सम्पूर्ण क्षमताओं का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में करेगें। ऐसा हमारा विश्वास है, इन्ही शब्दों के साथ.....

डॉ० मदन मोहन वार्ष्णेय
मुख्य सम्पादक

ज्योति वर्मा
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

सरस्वती वन्दना

हे ज्ञान दायिनी माँ हम शीश झुकाते हैं
शतवार नमन तुमको हम पुष्प चढ़ाते हैं।
हे .....।
बुद्धि का वर दो माँ बुद्धि की दाता हो
हम बच्चे है तेरे तु जग की विधाता है
यह प्यार न टूटे माँ यह विनय सुनाते हैं।
हे .....।
वह ज्ञान हमें दो माँ सारा जग मुस्काये
वह ज्ञान का दीप जलादो अज्ञान न रूक पाये।
अज्ञान हटा दो माँ सुविचार चाहते हैं।
हे .....।
कृपा माँ तुम कर दो सहभाग यह चाहते है।
सहज्ञान जगा दो माँ दुर्भावि उखड़ आये
अन्धकार मिटा दो माँ सहभाव चाहते है।
हे .....।

मुझको मेरा हक दो

मुझको मेरा हक दो पापा बहुत कुछ कर दिखलाऊँगी,
लेने दो खुली हवा में सांसे बेटे से ज्यादा फर्ज निभाऊंगी
मुझको ..... दिखलाऊँगी,
उड़ने दो किसी पतंग के जैसे,
आसमान को छूँ कर दिखलाऊँगी।
क्या डरते हो हैवानी दुनिया से,
अकेली सब पर भारी पड़जाऊँगी
मुझको ..... दिखलाऊँगी,
माना डगर कठिन है, मंजिल तक फिर भी जाऊँगी
मुझ पर करो भरोसा तुम, कभी न दुःख पहुँचाऊँगी।
मुझको..... दिखलाऊँगी,
लेने दों खुली हवा में सांसे, बेटे से ज्यादा फर्ज निभाऊंगी
उड़ने दो किसी पतंग के जैसे, आसमान को छूँ कर दिखलाऊँगी।
क्या डरते हो हैवानी दुनिया से, अकेली सब पर भारी पड़जाऊँगी
मुझको ..... दिखलाऊँगी।
माना डगर कठिन है मंजिल तक फिर भी जाऊँगी,
मुझ पर करो भरोसा तुम कभी न दुःख पहुचाऊँगी।
मुझको ..... दिखलाऊँगी। करो
हौसले मेरे बुलंद तुम, अधुरे सपने पूर कर दिखलाऊँगी
मत आंको कम मेरी ताकत, संतान का हर फर्ज निभाऊँगी
मुझको ..... दिखलाऊँगी,
समझा देना माता मेरी को, जिसने नारी का हर दुःख झेला हैं
रखे हौसला अब दिन वो दूर नहीं, जब तुम दोनों का सम्मान बढ़ाऊँगी
आएगा कभी बुरा वक्त भी, हर सुख दुःख में, साथ निभाऊँगी
नहीं बनूंगी कमजोर कड़ी में, अपने घर की ताकत बन जाऊँगी।
शान हूँ अपने घर की, कभी न नीचा दिखलाऊँगी,
खेले अगर कोई मेरी आन से, रूप दुर्गा का भर आऊँगी।
मुझको ..... दिखलाऊँगी।
लेने दो खुली हवा में सांसे, बेटे से ज्यादा फर्ज निभाऊँगी।

ऊँची सोच

पैर की मोच और छोटी सोच हमें आगे नहीं बढ़ने देती
टूटी कलम और औरों से जलन खुद का भाग्य लिखने नहीं देती,
काम का आलस और पैसों का लालच हमें महान बनने नही देती।
अपना मजहब ऊँचा और गैरों का ओछा,
ये सोच हमें इन्सान बनने नहीं देती।

जितनी भीड़ रही जमाने में लोग,
उतने ही अकेले होते जा रहे हैं,
इस दुनिया के लोग भी कितने अजीव है ना,
सारे खिलौने छोड कर जज्बातों से खेलते है,
तब दौर पत्थर का था अब लोग पत्थर के है।

सफर का अच्छा हो तो साथ में सामान कम रखिए
तजुर्बा है मेरा मिट्टी की पकड़ मजबूत होती हैं संगमरमर हो तो पर
तो हमने पाँव फिसलते देखे हैं,
पानी मर्यादा तोड़े तो सर्वनाश।

इसलिए हमेशा अपनी वाणी पर सयंम रखो
निखर कर बिखर जाये वो कर्तव्य है,
और जो बिखर कर निखर जाए वो व्यक्तित्व है ।
नाम और बदनाम में क्या फर्क है?
नाम खुद कमाना पड़ता है। बदनामी आपको
कमा के देती है।

अरविन्द कुमार
कक्षा - बी.ए. तृतीय वर्ष

नव भारत निर्माण करेंगे,
इस नव युग के युवा।
युवा युवा युवा, युवा.....।
हम सब मिलकर आगे बढेंगे,
इस भारत के युवा।
नव भारत निर्माण करेंगे हम भारत के युवा
युवा .....युवा॥
सत्य अहिंसा का नारा गाँधी का ले के चलेगें
कौटिल्य और सरदार की नीति से आगे बढेंगे।
नव भारत निर्माण करेंगे हम भारत के युवा
युवा .....युवा॥
दहाड़ सिंह, सी लेकर के दुश्मन पर टूट पडेंगे,
दुश्मन की छाती चीर फाड़ कर भूसा हम भर देंगें
नब भारत निर्माण करेंगे इस नव युग के युवा,
हम सब मिलकर आगे बढेंगे इस भारत के युवा।
युवा .....युवा॥
दीन दुखी और मासूमों को राह सही दिखलाऐं
जाति-पाति और भेद-भाव को जड़ से नष्ट कर जाऐंगे॥
नव भारत निर्माण करेंगे इस नवयुग के युवा,
युवा .....युवा॥
भगत सिंह और सुभाष चन्द्र की छवियों में ढल जाएंगे,
क्रूर घमण्डी और मक्कारों को नीचा हम दिख लांएगें।
नव भारत निर्माण करेंगे इस नव युग के युवा॥
युवा .....युवा॥

वन्दना यादव
कक्षा - बी.ए. द्वितीय वर्ष

इन्तजार करती हैं माँ

घर वापस आने में हो जाती पल भर भी देर
बेचैन हो जाती है माँ,
पूछती है सवाल इतने सांस भी नहीं लेती है
माँ चंद सेकंड को भी घंटे में बदल देती है माँ,
संजोकर सामान को बड़े हिफाजत से रखती है माँ,
बेटी की खुशियों में ही अपनी खुशी ढूंढ लेती है माँ,
पीले हाथ देख बेटी को फफक कर रो पड़ती है माँ,
अपने कलेजे के टुकडे को जाने कैसे भेज देती है माँ, सच ही
है उसूलों के कारण वेबस हो जाती है माँ।

औरत बदल गई

दुत्कार, अपमान और तानों का भार, सहते-
सहते जाने कब बड़ी हो गई, परंपराओं
और मर्यादा की बेदी पर उसकी अपनी
इच्छाएं सूली चढ़ गई।
सबने जताया उस पर अधिकार,
उसकी पवित्रता पर उगली उठाई गई,
कभी अग्निपरीक्षा ली सबने तो कभी, वस्तु
सी जुए में दाव पर लगाई गई।
खून-पानी से सींचा हर रिश्ता उसने,
पर हर रिश्ते में रही सदा बो पराई,
एक रोज बन-दुर्गा कहकर पूजा उसे
माँ, पत्नी, बहन, बेटी, भाभी, सास इनमें औरत
ऋतुओं सी बदलती गई, सांस लेती रही
हर एक रिश्ते में वो, मगर उसके
अंदर की औरत मर गई।

माँ

मिली
कक्षा - बी.ए. द्वितीय वर्ष

लवों पर, जिसके कभी बद्दुआ नहीं होती,
एक माँ ही है जो हमसे कभी खफा नहीं होती।
दिल के टुकडे करने वाला, दिल का टुकड़ा करता है,
नालायक बेटा भी माँ को राजा बेटा लगता है।
माँ की ममता जैसा निर्मल कोई दर्पण क्या होगा,
जिसको धूल सना बच्चा भी चन्दा जैसा लगता है।
पूछो तो नन्हे पंक्षी से जब धधकता है मौसम,
माँ के पंखो में छिप जाना कितना अच्छा लगता है।
जिसके चरणो में ज्ञानीजन, तीन लोक बताते हैं,
मुझको माँ के चरणों में, सारा जग सिमटा लगता है।
चुम्बन अंकित करती है जब सिर पर हाथ फिराकर माँ,
अम्बर से भी ऊँचा मुझको अपना माथा लगता है।
गंगा जल की पावनता की मानो महिला है,
लेकिन माँ मुझको हल्का लगता कि मानो महिला भारी है,
लेकिन माँ के आसूं से वह मुझको हल्का लगता है।

शायरी

उस गुलाब से पूछो कि दर्द क्या होता है
देता है पैगामे मौहब्बत पर खुद काँटो की चुभन में रहता है

जिदंगी में शान्ति से जीने को ही तुम भूल नहीं सकते।
भूल जाओ उनको जिनको, तुम माफनहीं कर सकते।

कहानी भूल जायेगे

अपनी राष्ट्र भाषा का जो यूं ही मान घटाता रहा,
अपनी बात अपनी ही, जवानी भूल जायेंगे, पाश्चात्य
संस्कृति जो हदय में समाती रही,
अपनी सभ्यता की हर निशानी भूल जायेगे,
मम्मी डैडी अंकल आंटी हैलो हाय याद रहेगा,
अम्मा चाचा-चाची, नाना-नानी भूल जायेगें।
टिंक्कंल टिंक्कंल लिटिल स्टार याद होगा बच्चे चन्दा
मामा की कहानी भूल जायेगे।
अपनी राष्ट्र भाषा का जो यूं ही मान घटाता रहा।
अपनी सभ्यता के संस्कार भूल जायेगें
पाश्चात्य संस्कृति की कथायें जो पढते रहे गीता,
रामायण का भी सार भूल जायेगें।
अपने पांव यूँ ही यदि डिस्को पर थिरकते रहे।
पायलों की वो मीठी झंकार भूल जायेगें।
कान्वेन्ट स्कूलों में बच्चियाँ जो पढ़ती रही,
सावन के महीने में मल्हार भूल जायेगे।
अपनी गीत रस्मों का जो यूँ ही मान घटाता रहा,
राग रागिनी और हीर ही भूल जायेगें।
रूना लैला माइकल जैक्सन जैसे लोग याद होगें
मीरा, सूर, तुलसी और कबीर भूल जायेंगे।
सीता और सावित्री जो वालो को कटाती रही
ओढनी दुपट्टा और चीर भूल जायेगें।
अपने-अपने जन्म दिन में केक जो खिलाते रहे।
लोग हलुआ-पूरी और खीर भूल जायेंगे।

शायरी

जिदंगी एक गिफ्ट है कबूल कीजिए,
जिदंगी एक एहसास है महसूस कीजिए।
जिदंगी एक दर्द है बाँट लीजिए,
जिदंगी एक प्यास है प्यार दीजिए।
जिदंगी एक मिलन है मुस्करा लीजिये,
जिदंगी एक जुदाई है, सवर कीजिए।
जिदंगी एक आँसू है पी लीजिये,
जिन्दगी आखिर जिन्दगी है जी लीजिये।

मेरे पापा

मिली
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

मेरे जमीन आसमा मेरे पापा
मैं हूँ जहाँ हैं बहाँ मेरे पापा
मेरे पापा मेरे पापा
तुम साँसो की साँस हो
शाम शहर मेरे पास हो
जहाँ मेरे आँसू ही घने
नहीं मुझे हँसके मिले मेरे पापा,
रूठ जो में तुमसे कितना डरते हो
रव की तरह जिद मेरी पूरी करते हो,
होने न दिये कभी मुझको गिले मैं चाँद कहूँ मुझे
चाँद मिले कैसे–कैसे जादू करें।
मेरे पापा मेरे पापा, मेरे पापा
एक सिलवट चेहरे पर सह न पाते हो
मेरे लिए किस्मत से भी लड़ जाते हो
मेरे पास कोई दु:ख आ न सके
मेरा साया बनके चले, मेरे पापा,
मेरे पापा, मेरे पापा।

पापा के लिए बोझ नहीं मैं



आकांक्षा सिंह
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

शाम हो गयी अभी तो घूमने चलो न पापा
चलते चलते थक गई कंधे पे बिठालो न पापा
अँधेरे से डर लगता सीने से लगा लो न पापा
मम्मी तो सो गई आप ही थपकी देकर सुलाओ न पापा
स्कूल तो पूरी हो गयी अब कॉलेज जाने दो न पापा
पाल पोस कर बड़ा किया अब जुदा तो मत करो न पापा
अब डोली मे बिठा ही दिया तो आँसू तो मत बहाओ
न पापा आपकी मुस्कुराहट अच्छी है एक बार मुस्कुराओ न पापा आप ने मेरी हर बात मानी एक बात और मान जाओ न पापा इस धरती पर बोझ नहीं मैं दुनियाँ को समझाओ न पापा ।

शायरी (परिवार)

मिली
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

हर मुसीबत में, जो साथ मे खड़ा
एक दिवार होता है,
हमारी ताकत हमारी जान वही
परिवार होता है।
ये खून के रिश्ते बड़े मजबूत होते है साहब
बस किस्मत वालो के नसीब में
ऐसा प्यार होता है।

शिक्षक का अर्थ

शि – शिखर तक ले जाने वाला
क्ष – क्षमा की भावना रखने वाला
क – कमजोरी दूर करने वाला –
अर्थात – जो विद्यार्थी की हर गलती को
क्षमा करने की भावना है
और उसकी हर कमजोरी दूर कर उसको
शिखर (सफलता) तक ले जाता है
वही सच्चा शिक्षक होता है।

शायरी

खुश्बु बनाकर गुलो से उड़ा करते है,
धुंआ बनकर पर्वतो से उड़ा करते है,
ये कैचियाँ खाक हमे उड़ने से रोकेगी,
हम परो से नहीं हौसलो से उड़ा करते है।

चुटकुला

एक काली अफ्रीकन लड़की को भगवान ने पंख दिए तो
वह खुशी से बोली WOW
भगवान क्या अब में परी बन गयी हूँ
भगवान – नहीं रे पगली, तुम अब चमगादड़ बन गई हो

(2) एक गांव मे शादी समारोह चल रहा था सरपंच
ने स्टेज पर खडे होकर कहा यदि किसी को इस शादी पर
आपत्ति है तो अभी ही कहे
शादी होने के बाद कोई मसला होता है तो दोनो की
जिन्दगी का सवाल है
जिसे कुछ कहना अभी सामने आकर कहे तभी
बारातियो मे पीछे खडी एक युवती गोद मे बच्चा लिए
आगे आई
पूरे सभा मंडप मे खुसुर– पुसुर, स्टेज पर खडी दुल्हन ने
दूल्हे को तमाचा जड़ दिया
दुल्हन का बाप बदूंक लाने दौड़ पड़ा
दुल्हन की माँ ने जहर की बोतल निकाल ली
अफरातफरी मच गई
तभी सरपंच ने उस युवती से पूछा–
आपको क्या परेशानी है
युवती बोली ... जी वो आप क्या बोल रहे थे पीछे कुछ
सुनाई नही दे रहा था तो इसलिए आगे आ गई।

चुटकुला

सवाल जवाब, और ऐसा क्यों

सवाल – स्त्री हमेशा सीता ही क्यो होती है
उसे बुद्ध भी तो होना चाहिये
जबाव – क्योंकि अगर वो बुद्ध की तरह अपने सोते पति और
बच्चे को छोड़कर जाएगी तो ये समाज पहले ही घोषित कर
देगा कि प्रेमी के साथ भागी होगी, कभी समाज ये जानना
नही चाहेगा कि खुद की तलाश मे निकली होगी !!

यह समाज बड़ा भेदभाव भरा है स्त्री के लिए बुद्ध जंगल से
लौटते है तो महात्मा की उपाधि से नवाजे जाते है और सीता
लौटती है तो कलकिंत हो जाती है, और उसे खुद को सही
साबित करने के लिए अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है ऐसा क्यों ,
बाप की जिंदगी गुजर जाती है।
बेटे की जिंदगी बनाने में और बेटा लिखता हैं!!

MY WIFE IS MY LIFE

माता-पिता पर दिल को छू लेने वाली शायरी

रूबी

कक्षा – एम.ए.

माँ बाप का दिल जीत लो कामयाब हो जाओगे,
वरना सारी दुनिया जीत कर भी हार जाओगे।

मेरी दुनिया में इतनी जो शौहरत है।
मेरी माता पिता को बदौलत है।

माता पिता के बिना दुनिया की हर चीज अधूरी है,
दुनियां का सुन्दर गीत माँ की लोरी है।

चाहे लाख करो पूजा और तीर्थ करो हजार,
अगर माँ बाप को ठुकराया तो सब है बेकार।

न जरूरत उसे पूजा और पाठ की,
जिसने सेवा की हो आपने माँ-बाप की।

शिक्षक के लिए शायरी

दिया ज्ञान का भण्डार हमें,
किया भविष्य के लिए तैयार हमें
हैं आभारी उन शिक्षकों के हम,
जो दिया ज्ञान अपार हमें।

लक्ष्य प्राप्त कर सकूँ,
आपने मुझे इस योग्य बनाया
जब महसूस किया मैं ने,
आपका दिया ज्ञान बहुत काम आया

सत्य और न्याय के पथ पर,
चलना शिक्षक हमें बताते है,
संघर्षो से लड़ कर जीतना,
शिक्षक हमें सिखाते है।

अज्ञानी से ज्ञानी बनाया,
शिक्षा का महत्व समझाया,
सत्य की राह पर चलना सिखाया,
शिक्षक ने हमे नेक इंसान बनाया।

जल जाता है वो दिए की तरह,
कई जीवन रोशन कर जाता है,
कुछ इसी तरह हर शिक्षक,
अपना फर्ज निभाता है।

यह मातृ-भूमि मेरी

डौली यादव
कक्षा - बी.ए. द्वितीय वर्ष

यह मातृ-भूमि मेरी यह पितृ-भूमि मेरी
पावन परम जहाँ की मन्जुल महात्म्य धारा
पहले ही पहले देखा जिसने प्रभात प्यारा
सरलोक से भी अनुपम ऋषियों ने जिसको गाया
देवेश को यहां पर अवतार लेना पाया
वह मात-भूमि मेरी वह पितृ-भूमि मेरी ॥
ऊँचा ललाट जिसका हिमगिरी चमक रहा है
सुवरण किरीट जिसपर आदित्य रख रहा है
साक्षात् शिव की मूरत जो सब प्रकार उज्ज्वल
बहता है जिसके सिर से गंगा का चीर निर्मल
यह भूमि मेरी वह पितृ भूमि मेरी
यह मातृ - भूमि मेरी
सर्वोपकार जिसके जीवन का व्रत रहा है।
प्रकृति पुनीत जिसकी, निर्मल मृदुल रहा है॥
जहां शान्ति अपना करतब करना न चूकती है।
कोयल कलाप कोकिल कमनीय कूकती थी ।
वह मातृ-भूमि मेरी वह पितृ-भूमि मेरी॥

यह मातृ भूमि - मेरी

यह वीरता का वैभव छाया जहां घना था ।
छिटका हुआ यहां पर विद्या का चांहना था ।
पूरी हुई सदा से जहाँ धर्म की पिपासा,
सत् संस्कृत मनोरम जहाँ की थी मातृ भाषा
वह मातृ-भूमि मेरी भाषा वह पितृ भूमि मेरी
यह मातृ-भूमि मेरी

शायरी

(1) जब प्यार किसी से होता है, हर दर्द दवा बन जाता है।
क्या चीज मोहब्बत होती हैं, एक शख्स खुदा बन जाता है।
ये लव चाहे खामोश रहे, आँखों से पता चल जाता है।
कोई लाख छुपा ले इश्क मगर, दुनिया को पता चल जाता है।

(2) मंजिल, तुम पाओ रास्ता हम बनायेंगे खुश, तुम रहो खुशियां, हम दिखायेंगे तुम तो सिर्फ दोस्त बने रहो, दोस्ती तो हम निभायेंगे।

(3) आसूँ न होते तो आँखे इतनी खूबसूरत न होते दर्द न होता तो खुशी की कीमत न होती अगर मिल जाता कोई चाहने से तो दुनिया में ऊपर वाले की जरूरत न होती।

(4) आँसू आ जाते हैं रोने से पहले ख्वाब टूट जाते हैं सोने से पहले लोग कहते हैं मोहब्बत गुनाह सा है काश कोई रोक लेता यह गुनाह होने से पहले।

(5) एक दिन हम एक भी कफन ओड़ जायेगें हर एक रिश्ता इस जमीन से तोड़ जायेंगे जितना भी चाहो सतालो गुझको एक दिन रूलाते हुये हम सबको छोड़ जायेगें ।

बेटियाँ

चिड़िया होती है, लड़कियाँ मगर पंख नहीं होते
लड़कियों के मायके भी होते है
ससुराल भी होते है मगर घर नहीं होते
लड़कियों को.....
मायका कहता हैं, ये बेटियाँ तो पराई है
ससुराल कहता है ये पराये घर से आयी है
ऐ खुदा अब तू ही बता
आखिर ये बेटियां किस घर के लिए बनाई है।

सच्ची प्रेरणा

नीरज
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

जिंदगी की हकीकत को बस इतना ही जाना है।
दर्द मे अकेले है।
और खुशियो का जनाजा है।
इंसान के जीवन मे तीन चीजें बड़ी उलझी हुई होती है।
दिल दिमाग और तकदीर
हम इंसान भी कितने अजीब है। ना और
लेकर जाना है, उसे छोडे न जाना
और जो यहाँ रह जाना है, उसे जोडे जा रहे है।
बोल मीठे न हो तो हिचकिया भी वही आती
कीमती मोबाईल पर घंटियाँ भी नही आती।
घर बड़ा हो या छोटा अगर मिठास न हो तो,
इंसान तो क्या चीटियाँ भी नहीं आती।
प्यार वांटा तो रामायण लिख गई,
सम्पति वाटी ता महाभारत लिखी गई
बुद्धिमान इंसान आपका दिमाग खोलता है
सुंदर इंसान आपको खोलता है।
लेकिन प्रेम करने वाला
इंसान आपका हृदय खोलता है,
इंसान मात्र एक ऐसा प्राणी है।
जो गिरना चाहे तो जानवर से भी नीचे गिर सकता है।
और उठना चाहे तो देवताओं से भी उपर उठ सकता है।
हर कोई चाहता है, यहाँ की सब उनकी तारीफ
करे लेकिन ये इच्छा इस दुनियाँ से
रूखसत होने के वाद ही पूरी होती है,
बक्त दिखाई तो नहीं देता पर बहुत कुछ दिखा देता है।
अपना पन तो सब दिखाते पर अपना कौन है?
ये वक्त ही दिखाता है।
जिनको खुश रहना है,
ये देखे की दो दिन के बीच एक रात है।
और जिनको उदास रहना है,
ये देखे की दो रातों के बीच एक दिन है।
हर किसी के बीच अंदर अपनी
ताकत और अपनी कमजोरी होती है।
मछली जल में दौड़ नहीं सकती और शेर
पानी का राजा नहीं वन सकता हर किसी की अपनी
खुशी है, अपनी अहमियत है,
परेशानी आये तो ईमानदार रहिये धन आये
तो सरल रहिये अधिकार मिलने पर
मौन रहिये और क्रोध आने पर शांत रहीये
यही है। जीवन का सही प्रबन्ध इच्छाओ के रहने
यानि प्रान चले जाय तो
वो हुई मृत्यु और प्राणों के रहते
इच्छाएं चली जाये तो वो हुई मुक्ति।
अगर आप वो चीज खरीदंते है,
जिसकी आपको जरूरत नहीं
तो जल्द ही आप वो चीज बेचेगें जिनकी
आपको जरूरत है।

माँ

नीरज
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

माँ अपनी सारी खुशियाँ हर पल लुटा देती है,
माँ तुम इतना कैसे कर लेती हो।
जब जब भी ये तकदीर दगा देती है,
माँ की मुस्कुराहट उम्मीद जगा देती है।
मेरे हौसलों को उड़ान तुम देती हो,
माँ तुम इतना केसे कर लेती हो।
दूर जब भी तुम मुझसे हो जाती,
सच कहु में रोती हुँ।
सच की राह पर चलना सिखाया है,
हमको जीने का मतलब बताया है
हमको जीवन की अनमोल बातें सिखा देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।
मेरे दुखी होने पर तकलीफ मुझसे ज्यादा तुम्हें होती,
मेरे खुश होने पर तुम्हें खुशी ज्यादा होती है।
मुझे जरा सी चोट लगने पर आसूँ वहा देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।
अपनी खताओं की माफी मांगती हूँ,
कभी वताया नहीं माँ कि तुम्हें कितना चाहती हुँ।
विना जताये भी हमे इतना प्यार कैसे कर लेती हो,
माँ तुम इतना सब कुछ कैसे कर लेती हो।
अपनी सारी खुशियाँ हम पर लुटा देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।

सच्ची कविता
बेटी और पिता

सच बात पूछती हूँ। वताना न बाबूजी क्या याद मेरी आती नहीं पैदा हुई, घर मेरे मातम सा छाया था, पापा मेरे खुश थे, मुझे माँ ने बताया था ले लेके नाम प्यार जताते भी मुझे थे आते थे कहीं से बुलाते भी मुझे थे, मैं हुँ नहीं किसको बुलाते हो बाबूजी क्या याद मेरी.....

कि हर जिद मेरी पूरी हुई हर बात मनाते बेटी थी मगर बेटा से ज्यादा थे मानते, घर में कभी होली कभी दीपावली आई सैंडिल भी मेरी आई मेरी फ्राँक भी आई, अपने लिए बंडी भरी ना लाये थे बाबूजी। क्या कमाते हो बाबूजी क्या याद.....

कि सारी उमर खर्चे में कमाई में लगा दी दादी बीमार थी दबाई में लगा दी, पड़ने लगे हम सब पड़ाई में लगा दी वाकी वचा वो मेरी सगाई में लगा दी, अब इतना किसको कमाते हो बाबूजी बचाते हो बाबूजी क्या याद मेरी .....

कि कहते थे मेरा मन कहीं एक पल न लगेगा बिटियाँ विदा हुं तो घर ये घर न लगेगा कपडे कभी गहने कभी समान सजोते तैयारिया भी करते थे छुप छुप के रोते थे कर करके यादअब न रोते हो बाबूजी न सोते हो बाबूजी क्या याद .....

कि कैसी परंपरा है। ये कैसा बिधान है। पापा बताओं कौन सा मेरा जहान है। आधा यहाँ आधा बहां जीवन है।अधूरा पीहर मेरा पूरा है। न ससुराल है। पूरा क्या आपका भी प्यार अधूरा है। बाबूजी न पूरा है बाबूजी सच बात पूछती हूँ वताना न बाबूजी छुपाना न बाबूजी क्या याद मेरी आती नहीं।

कुछ शब्द पिता के लिए

नीरज
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

कभी ख्याव को पूरा करने की जिम्मेदारी है। पिता कभी आशुँ में चुपचाप छुपी लाचारी है। पिता कभी हँसी तो कभी अनुशासन है। पिता कभी मौन तो कभी भाषण है।

पिता माँ अगर घर में रसोई है, तो चलता है। जिसमें घर वो राशन है। पिता माँ अगर बेच सकती, जरूरत पे गहने तो जो अपने को बेच दे वो व्यापारी पिता कभी हँसी कभी खुशी का मेला है।
पिता माँ तो कह देती है।

अपने दिल की बात पर सब कुछ समेट कर आसमान सा फैला है। पिता कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है। पिता कभी धरती तो कभी आसमान है। पिता कभी ताकत तो कभी वलिदान है। पिता सच्च में इस दुनिया में पापा की जगह कोई नहीं ले सकता ।

हमारे जीवन में पिता बहुत अनमोल प्राणी है। घर में एक ऐसा प्राणी है। अक्सर जिसका त्याग उपेक्षित ही रहता है। वास्तव में भले पिता माँ की तरह अपनी कोख से जन्म न दे पाय मगर सच तो यह है।
कि हर बच्चे के जीवन में अपने पिता का स्थान बहुत बड़ा है।

ये दिन है। पिता को धन्यवाद कहने का उनके लिए कुछ खास करने की जिदंगी में कुछ अच्छा लिबास हो तो उसे कुदरत कहते है। रंगीन दोस्त हो तो उसे जन्नत कहते है। हसीन हम सफर हो तो उसे मोहब्बत कहते है। और जिदंगी में आप जैसे पापा हो तो उसे किस्मत कहते है।

शायरी

सरिता शर्मा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

ताश के पत्तों से ताजमहल नहीं बनता,
नदीं कें रोकने से समंदर नहीं बनता,
लड़ते रहो जिंदगी से हरपल,
एक जीत से कोई सिकंदर नहीं बनता।

हर कदम पर इम्तिहान लेती है जिंदगी
हर वक्त नया सदमा देती है जिंदगीं
जिंदगी से क्या शिकवा करें।
आप जैसे दोस्त भी तो देती है जिंदगीं,

मैं इस देश का हनुमान हूँ। ये मेरा श्री राम है।
दिल चीर के देखो तो इसमें हिन्दुस्तान है।

हर आरजू कभी अधूरी नहीं होतीं,
दोस्तों में कभी दूरी नहीं होती,
जिनके दिल में आप जैसें दोस्त रहते है।
उनकें लिए तो धड़कन भीं जरूरी नहीं होतीं ।

फूलों की तरह महकतें रहों
सितारों की तरह चमकते रहों
किस्मत से मिली है। ये जिंदगी,
खुद भी हँसो औरों को भी हंसातें रहों।

बिजली के तार को डोरीं कहतें है। अगर हों जायें दोस्ती में कोई कमी, तो उसे सॉरी कहतें है।–

सरिता शर्मा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

आज का युग

कोई टोपी तो कोई अपनी पगड़ीं बेच देता है। मिलें हर भाव अच्छा तो जज भीं कुर्सी बेच देता है। जला दी जाती है, ससुराल में अक्सर वही बेटी जिस बेटी की खातिर बाप किडनीं भीं बेच देता है। जान दे दीं वतन पर जिन बेनाम शहीदों ने एक सफेद पोश नेता तो बतन तक बेच देता है।

माँ के लिए शायरी

माँ कीं ज्योति से नूर मिलता है।
सबके दिलों को सकून मिलता है।
जो कोई जाता है। माँ के द्वारे पे,
उसे कुछ न कुछ जरूर मिलता है।
किसी ने रोजा रखा किसी ने उपवास रखा
कबूल उसका हुआ जिसने माँ बाप को पास रखा।

कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ

दीपक श्रीवास्तव
कक्षा – बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर

1. दुनिया में 2755 अरबपति हैं जिनके पास दुनिया की संपत्ति का 60: हिस्सा (8 ट्रिलियन डॉलर) है।
2. दुनिया के 140 अमीर लोगों के पास दुनिया के बाकी 99% लोगों के वराबर संपत्ति है।
3. न्यूयॉर्क में सबसे ज्यादा (92) अरबपति रहते है।
4. दुनिया के सबसे अमीर इंसान जेफ बेजोस हर सेकंड में 1. 83 लाख रूपया कमाते हैं।
5. हर्षद मेहता ने 1992 में **ACC Cement** के शेयर को तीन महीने में ही 200 से 9000 तक बढ़ा दिया था।
6. यदि आप आज एक ऐसी चीज खरीदते हैं, जिसकी आपको जरूरत नहीं है, तो कल आपको वो चीज बेचनी पड़ सकती है, जिसकी आपको सख्त जरूरत होगी।
7. दुनिया के सबसे सफल निवेशक, वॉरेन बफे ने जब 11 साल की उम्र में एक कंपनी के 6 शेयर खरीदे थे, तो उनके शेयर खरीदते ही उनके दाम कम हो गये। फिर जैसे ही उन्होने शेयर बेच दिए तो उनके दाम 500: बढ़ गए।
8. वॉरेन बफे ने अपने संपत्ति का 99% हिस्सा अपनी मौत के बाद दान कर देने का फैसला ले लिया है।
9. बचपन में गरीबी से तंग आकर वॉरेन बफे ने कहा था कि या तो मैं 35 साल तक की उम्र तक मिलेनियर बनूँगा या फिर ओमाहा की सबसे ऊँची बिलडिंग से छलांग लगा दूँगा।
10. अमीर बनना है तो ये मोबाइल गेम खेलो **Cashflow Quadrant.**
11. अमीर बनना है तो ये किताबें पढ़ो–

Rich dad poor dad, Think and grow rich, The Psychology of money. The Science of getting rich. The billionaire mind set, Rich dad investing, The Intelligent Investor.

सरिता शर्मा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

माँ के लिए शायरी

आज फिर ठंडी रोटी खाई,
आज फिर माँ तेरी याद आई।
माँ मेरे जीवन का हर एहसास हो तुम,
बेराक पास नहीं पर आज भी सबसे खास हो तुम।
तुझसे प्यार कितना है बताना जरुरी नहीं,
बस इतना जाने ले तेरे बिना जिंदगी मेरी दूरी नहीं।
क्या सही और सही गलत हमेशा मुझे समझाती थी।
ये खाना नहीं खाता था, तो वो भी कुछ नही खाती थी।
और अपने बच्चों के लिए कुछ पैसे बचा लूँ,
ये सोचकर मेरी माँ पदैल घर आती थी।
पहले ये काम बड़े प्यार से करती थी माँ,
आज हमें धूप जगाती है, तो बड़ा दुख होता है।
किसी भी मुश्किल का अब हल नहीं मिलता,
शायद अब घर से कोई माँ के पैर घूकर नहीं निकलता।
दोस्तों ये सारी दुनिया सूनी और बीरान हो जाती है,
इसलिए प्लीज अपनी माँ को कोई दर्द न होने देना,
उनकी आँखों में कभी आंसू न आने देना।
काश .... मेरी माँ जिंदा होती।

कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

माँ के लिए शायरी

हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।
यह देश जल रहा है शोले उगल रहा है।
अस्तिाव आदमी का पल-पल पिघल रहा है।
हम सब को में बिषैले हालात खा न जाएँ।
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

इसका नही भरोसा उसका नहीं भरोसा।
क्या जाने कौन किस पल दे जाय हमको धोखा।
किस-किस की साजिशो से खुद को फिरे बचाएं।
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

कर में छुपाए नश्तर वोटों के है ये तरकर!
हिन्दू न ये मुसलमान चोके का है ये लश्कर।
सुख शान्ति-चेन पल भर इनको न भाँए!
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

छोटे हो या मोटे हो जीन्स या लंगोटे!
हर आदमी ने पहने चेहरे पे सौ मुखौटे!
किसको करे पुरस्कृत किस-किस को दे सजांएँ!
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

इनको भी आजमाया, उनको भी आजमाया!
इस सिलसिले में क्या-क्या नही गँवाया!
मुश्किल है बताओ अब किसको आजमाएँ!
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

सूखी हुई है फसले बदले हुई है नसले!
कल क्या हो कौन जाने, आओ जरा सा हँय लें!
संदेश दे रही है जलतीं हुई चिताएँ!
हर ओर बेवसी है फिर कैसे मुस्काएँ।

जिन्दगी जीने की कला

गुन्जन
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

जहाजों से जो टकराये, उसे तूफान कहते हैं,
तूफानों से जो टकराये, उसे इंसान कहते है,
हमें रोक सके ये जमाने में दम नहीं,
हमसे है जमाना, जमाने से हम नहीं॥
जिन्दगी के बोझ को हँस–हँसकर उठाना चाहिए,
राह की दुश्वारियों पे मुस्कुराना सीख ले,
अपने दु:ख में रोने वाले मुस्कुराना सीख लें,
दूसरों के दु:ख दर्द में आँसू बहाना सीख ले,
जो खिलाने में मजा वो खाने में नहीं,
जिन्दगी में तू किसी के काम आना सीख ले,
खून पसीना बहाना जा तान के चादर सोता जा,
यह नाव तो हिलती जाएगी,
तू हँसता जा या रोता जा॥
खुद को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले,
खुदा बन्दे से पुछे बता तेरी रजा क्या है।
जो बीत गई सो बात गई,
तकदीर की शिकवा कौन करे,
जो तीर कमान से निकल गया,
उस तीर का पीछा कौन करे॥

''मेरा वतन''

जमाने भर में मिलते हैं, आशिक कई,
मगर वतन से खूबसूरत कोई सनम नहीं होता।
नोटों में लिपट कर सोने में सिमट कर मरे हैं कई,
मगर तिरंगे से खूबसूरत, कोई कफन नहीं होता॥

''खुश रहो''

छोटी सी जिन्दगी है हर बात में खुश रहो,
जो पास में न हो उसकी आवाज में खुश रहा,
कोई रूठा है तुमसे तो उसके इस अंदाज में खुश रहो।,
जो लौट के न आने वाले हैं,
उन लम्हों की याद में खुश रहो।
कल किसने देखा अपने आज में खुश रहो,
खुशियों का इंतजार किसके लिए
दूसरों की मुस्कान में खुश रहो,
क्यों तडफते हो हर पल किसी के साथ को,
कभी तो अपने आप में खुश रहो॥

सुन स्त्री

दीपमाला
कक्षा – एम. ए. प्रथम वर्ष

सुन स्त्री .....
तू पंख फैला ले.....
थोड़ी हिम्मत कर उस नभः तक उड़ना सुन स्त्री.....
अपना अस्तित्व खुद तलाश कर वुन सपने और नई राह
पकड़ना सुन स्त्री.....
तू लड़ हैवानियत से फूँलन वन बंदूक पकड़ना सुन स्त्री.....
नहीं आते अब कृष्ण बचाने वन... वन चंडी हत्यारों से लड़ना
सुन स्त्री....
है पाषाण युग अमानवीय समाज तेरे लिये
छोड दलीले सीता की अब आगे बढ़ ना सुन स्त्री....
जो हाथ छुए घूरे उसका हाथ तोड़ दे,
मैरीकॉम है तू मुक्का जड़ना,
सुन स्त्री ...
न तब समझी गयी तू
न आज समझी जा रही
कल का इन्तजार मत कर
वन अरुणिमा एवरेस्ट पर चढ़ना

जय हिन्द

मै भारतवर्ष का हरदम
अमिट सम्मान करती हूँ
यहाँ की चांदनी मिट्टी का ही
गुणगान करती हूँ,
मुझे चिंता नही है
स्वर्ग जाकर मोक्ष पाने की,
तिरंग हो कफन मेरा,
बस यही अरमान रखती हूँ ॥

Some Lines For Mother And Father

माँ तो जन्नत का फूल है, प्यार करना उसका उसूल है, दुनिया की मोहब्बत फिजूल है माँ की हर दुआ कुबूल है ऐ इंसान..... माँ को नाराज करना तो तेरी भूल है माँ की कदमों की मिट्टी जन्नत की धूल है।

मुफ्त में सिर्फ माँ – बाप का प्यार मिलता है वरना हर रिश्ते की कीमत चुकानी पड़ती है। जिस घर में बेटियाँ पैदा होती है, उस घर का पिता राजा होता है। क्योकि परियाँ पालने की औकात हर किसी की नहीं होती। माँ और हिम्मत कभी तुम्हारा साथ नहीं छोड़ती, चाहे वक्त खराब हो या किस्मत।

हर मुश्किल भी आराम से निकल जाती है क्योंकि मेरे माता–पिता की नजर मुझपर बाकी है घटा ले मुझसे और जोड़ दे माता–पिता मे, खुदा जितनी भी उम्र अब मेरी वाकी है।

जिन्दगी जीने की कला

जीवन मे सफल होना है तो पांच वाक्यों को कचरे के
डिब्बे मे डाल दो:–
लोग क्या कहेंगे?
मुझ से नहीं होगा।
मेरा मूड़ नहीं है।
मेरी किस्मत खराव है
मेरे पास टाइम नहीं है।
''परिवार के बिना कोई जीवन नही''
परिवार से बड़ा कोई धन नहीं...
पिता से बड़ा कोई सलाहकार नही..
माँ की छाव से बड़ी कोई दुनिया नही
भाई से अच्छा कोई भागीदार नही.....
बहन से बड़ा कोई शुभ चिंतक नही...
इसी लिए परिवार के बिना जीना वो जीवन नहीं।

जिन्दगी जीने की कला

चाँदनी यादव

कक्षा - एम. ए. प्रथम वर्ष

मालिक ने नौकर से कहाः- मच्छर मार दो।
आजकल बहुत ज्यादा हो गए हैं।
नौकर आलस में पड़ा रहा। थोड़ी देर बाद
जोर-जोर से मच्छर गुनगुनाने लगे।
मालिक ने नौकर से पूछा।- मच्छर मारे नहीं क्या?
नौकर बोलाः- मच्छर तो कबके मार दिए वे तो उनकी
विधवा पत्नियों के रोने की आवाज है।

दोहों के रंग

दुराचार की सज रही, चोरों ओर दुकान।
कौड़ी में बिकने लगा, मानव का ईमान।
कौए से कोयल कहे, अहंकार को त्याग।
वक्त पड़ा तो मिट गए, रावण जैसे घाव।
बेटे-बहुओं को लगे, बूढ़ी अम्मा भार।
दो रोटी के वास्ते, रोज चले तकरार॥
जीवन भी एक व्यंग्य है, इसको पढ़ ले यार।
जिसने खुद को पढ़ लिया, उसका बेड़ा पार।
सच का दें हम साथ तब, खुले झूठ की पोल ।
ये तो सच्ची बात है, है ना सच-सच बोल॥
मानव को भगवान। हर चेहरा बांटे सदा,
फूलों-सी मुस्कान॥

जरा हँस भी लो

चाँदनी यादव

कक्षा - एम. ए. प्रथम वर्ष

1. एक मुर्गी फार्म के मालिक ने एक दिन सभी मुर्गियों को हुक्म दिया - कल से सबको दो-दो अंडे देने हैं। जो नहीं देगा, उसे मैं काट डालूंगा।

अगली सुबह सभी मुर्गियों ने दो-दो अंडे, दिए, मगर एक ने सिर्फ एक ही अंडा दिया। मालिक ने इसकी वजह पूछी तो जवाब मिला- जनाब वह भी आपके डर से दिया, वरना मैं तो मुर्गा हूँ।

2. **जजः-** संता तुमने गाड़ी तेज चलाते हुए 25 लोगों को उड़ा दिया, तुम्हें अपनी सफाई में क्या कहना है?

3. **संताः-** मैंने जब ब्रेक मारी तो पता चला कि ब्रेक तो फेल हैं। सामने देखा तो एक तरफ दो आदमी जा रहे थे, और दूसरी ओर एक बरात। आप ही बताओ मैं गाड़ी किधर मोड़ता,

4. **जजः-** सिंपल सी बात है, जिस तरफ दो आदमी थे नुकसान कम होता।

5. **संताः-** बिल्कुल सही। मैंने भी यही सोचा। पर वो दोनों गाड़ी देखकर बरात में घुस गए।

एक दादा दादी ने अपनी जबानी के दिनों को याद करने का फैसला किया। अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे, जहां वो दोनों जबानी में मिला करते थे। बहुत देर तक खड़े होने के कारण दादा कै पैरों में दर्द हो गया, लेकिन दादी नहीं? घर आकर दादा गुस्से से

6. **बोलेः-** आई क्यों नहीं? दादी ने शर्माते हुए जवाब दिया- मम्मी ने आने नहीं दिया।

7. **पेसेंट :-** डॉ0 साहब इस प्रिस्क्रिप्शन में आपने जो दवाइयां लिखी हैं, उनमें से सबसे ऊपर की नहीं मिल रही है।

डॉ0- वो दवाई नहीं है। मैं पेन चलाकर देख रहा था!

8 **पेसेंट :-** तुम्हारी हैंडराइटिंग के चक्कर में न जाने मैं कितने मेडिकल शॉप घूम कर आया हूँ।

एक ने कहा कि कल मंगा दूंगा। दूसरा कह रहा था कि ये कंपनी बंद हो गई। तीसरा कह रहा था कि ये दवा तो ब्लैक में ही मिल पाएगी। और चौथा तो बहुत एडवांस था, बोला- ये तो कैंसर की दवाई है। विदेश से मंगानी पड़ेगी।

जिन्दगी जीने की कला

चाँदनी
कक्षा – बी. ए. प्रथम वर्ष

माँ तो जन्नत की फूल है,
प्यार करना उनका उसूल है,
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है,
माँ की हर दुआ कुबूल है,
माँ को नाराज करना,
इंसान तेरी करना भूल है,
माँ के कदमों की मिट्टी,
जन्नत की धूल है।

शायरी

मुझे मोहब्बत है अपने हाथों
की सब उंगलियों से
ना जाने कौन – सी उंगली पकड़ के
'माँ' ने चलना सिखाया होगा।
अपनी माँ को कभी न
देखूँ तो चैन नहीं आता है
दिल न जाने क्यूँ माँ का
नाम लेते ही संभल जाता है।
शख्त राहों ये भी आसान सफर लगता है
ये मेरी माँ की दुआओं का असर लगता हैं।

दोस्ती के ऊपर कविता

प्रेम और त्याग के धागे से जुड़ा,
एक विश्वास है दोस्ती।
दुनिया के सभी रिश्तों में,
सबसे खास है दोस्ती।
जीवन में घोलदे जो रस,
वह मिठास है दोस्ती।
पूरी हो जाये जो हृदय,
वह आस है दोस्ती।
होठों पर लादे जो मुस्कुराहट,
वह हास है दोस्ती।
जीवन में भर दे संगीत,
वो साज है दोस्ती।

शायरी

दोस्ती जिदंगी में रौशनी कर देती है,
हर खुशी को दोगुना कर देती है,
कभी झूम के बरसती है बंजर दिल पे,
कभी अमावस को चांदनी कर देती है।
कुछ वक्त का इंतजार मिला मुझको,
पर खुदा से बढ़कर यार मिला मुझको,
न रही तमन्ना किसी जन्नत की मुझे,
तेरी दोस्ती से वो प्यार मिला मुझको।

स्वीटी वार्ष्णेय
कक्षा – बी.एससी. प्रथम वर्ष

मुझे जीने का अधिकार दो

मैं हूँ एक लड़की, मैं भी एक इंसान,
मुझे जीने का अधिकार दो।
ना आधा ना कम, मुझे पुत्र के समान प्यार दो।
घर का चूल्हा नहीं, ना ही झाड़ू लगाना,
मुझे भी पढ़ने का अधिकार दो।
मै हूँ एक लड़की, मैं भी एक इंसान,
मुझे जीने का अधिकार दो।
मैं कोई सतयुग की 'सीता' नहीं,
जिसे शक के कारण राम ने त्याग दिया।
ना ही कालिदास की 'विधोत्मा' हूँ,
ना ही मैं दुष्यंत की शकुन्तला हूँ जिसे वे भूल जाये।
मुझे कल्पना चावला बनकर नीले गगन को छूने दो,
मुझे पी.टी. ऊषा बनकर देश का गौरव बनने दो।
मुझे इंदिरा गाँधी बनकर देश को चलाना है,
एक सफलता भरी कहानी को लाना है।
किस देवी दुर्गा, लक्ष्मी को पूजते हो,
उसी का करते हो अपमान,
लड़की को लक्ष्मी कहते हो,
तो फिर क्या लक्ष्मी को बोझ समझते हो।
नहीं बढ़ेगें पुरूषों से आगे,
केवल साथ चलने का तो अधिकार दो।
मैं हूँ एक लड़की, मैं भी एक इंसान,
मुझे जीने का अधिकार दो।

बेटी पर कविता

सब रोगी की दवा है बेटी,
जीवन की एक आस है बेटी,
ममता का सम्मान है बेटी,
माता पिता का मान है बेटी,
आगन की तुलसी है बेटी,
पूजा की कलसी है बेटी,
सृष्टि है, शक्ति है बेटी,
दृष्टि है, भक्ति है बेटी,
श्रद्धा है, विश्वास है बेटी,
जीवन की एक आस है बेटी।

हमारा महाविद्यालय

हर्षवती

कक्षा – एम. ए. प्रथम वर्ष

1. इस अपने महाविद्यालय को बन्धु मत जाना तुम भूल, सज्जन इसके अध्यापक है, अच्छे इसके रूल चारों ओर बनी है बिल्डिंग सुन्दर पौधे लगे हुए है। ऑफिस के सम्मुख ही देखो सुन्दर पौधे सजे हुए हैं फूलो की खुशबू के आगे हम सब कुछ जाते हैं। भूल इसे अपने महाविद्यालय को.....।

2. प्राचार्य डॉ0 सपना भारती सभी तरह से रखती घ्यान, बड़े योग्य है सभी अध्यापक जो विद्या का करते दान यह कॉलेज तो सभी तरह से है बच्चों के अनुकूल इस अपने कॉलेज को तम जाना तुम भूल।

3. यह अपना डी0 आर0 ए0 महाविद्यालय सदा बढ़ाओ इसकी शान, चरित्र और स्वास्थ्य बढ़ाओ, और बढ़ाओ अपना ज्ञान।

4. मैं भी इस महाविद्यालय का छोटा सा हूँ फूल जब तक पढ़ते रहो अनुशांसन में रहना है शिक्षा पूरी करके तुमको भी परहित में रहना हैं अपने प्यारे महाविद्यालय के महकाओ तुम फूल, इस अपने महाविद्यालय को बन्धुभत जाना तुम भूल।



कैसे कहू थक गई हूँ मैं

1. मेहनत अभी काफी नही ख्वाबों को पाने के लिए थोड़ा सा पसीना बहाना होगा। अपना किरदारो को निभाने के लिए।

2. जिंदगी मे जीत और हार तो हमारी सोच वताती है जो मान लेता है वो हार जाता है जो ठान लेता है वो जीत जाता है।

3. अगर मरने के बाद भी जीना है तो एक काम जरूर करना पढने लायक कुछ लिखा जाना या फिर लिखने लायक कुछ कर जाना।

The Heart of Mother's - And Father's

A mother's heart is the key, The key to success.
A mother's heart is a ribbon, That ties your future together.
A mother's heart is a meal that satisfies your hunger.
A mother's heart is a crayon that colours your life in rainbow.
A mother's heart is a song that puts rhythm in your soul.
A mother's heart is bracelet that accessories your dreams.
A mother's heart is a book that entertain your mind.
A mother's heart is an ocean that waves as your go by.
A father's heart is a tissue that wipes your tears.
A father's heart is muscles that pick you up.
A father's heart is clothes that you wear to cover.
A father's heart is money that brings good to the table.
A father's heart is a pencil that writes down your plans. A father's heart is love that you fall in love with.

सुविचार



नीता यादव
कक्षा – बी. ए. प्रथम वर्ष

अतीत को बदला नहीं जा सकता, वर्तमान से बचा नहीं जा सकता केवल भविष्य को संवारने का कार्य ही वर्तमान मे किया जा सकता है।

वक्त तुम्हारा है सपने भी तुम्हारे है, पूरे भी तुमको करने है माना डगर थोड़ी मुश्किल है मगर नामुमकिन नहीं करना यही है समय यही चाहे तो सोना बना लो, या सोने मे विता दो।

अपनी कमजोरी उन्हें ही बताये, जो हर हाल मे आपके साथ खड़े हो, क्योंकि रिश्ता हो मोबाइल नेटवर्क न हो तो लोग गेम खेलने लगते है।

इंसान की चाहत की उड़ने को मिले पर और परिदे सोचते है रहने को घर मिले।

मंजिले बड़ी जिद्दी होती है। हासिल कहाँ नसीब से होती है। मगर वहाँ तूफान भी हार जाते है जहाँ कश्तियाँ जिद पर होती है।

अगर जीवन मे सफलता प्राप्त करनी है तो मेहनत पर विश्वास करे किस्मत की आजमाईश तो जुए मे होती है।

शिक्षक

रूपशीला
कक्षा – एम.ए. द्वितीय वर्ष

जीवन में जो राह दिखाए, सही तरह चलना सिखाए।
माता–पिता से पहले आता, जीवन में सदा आदर पाता।

सबको मान प्रतिष्ठा जिससे, सीखी कर्तव्यनिष्ठा जिससे।
कभी रही न दूर मैं जिससे, बह मेरा पथदर्शक है जो।
मेरे मन को भाता ।वह मेरा शिक्षक कहलाता ।

कभी हैं शांत, कभी है धीर, स्वभाव में सदा गंभीर,
मन में दबी रहें यें इच्छा, काश मैं उस जैसी वन पाती,
जो मेरा शिक्षक कहलाता।

दिल की सुनो

मनोरमा
कक्षा – बी. ए. द्वितीय वर्ष

दिल की सुनो तुम दुनिया की नहीं।
अपनी खुद की सुनो औरों की नहीं।

औरो की सुनते–सुनते हम पीछे रह जाते है।
दिल चाहता है। कुछ और कुछ और कर जाते है।

दुनिया की सुनते रहने से हम खुद की नहीं सुनते,
खुद के लिए नहीं जीते जाए सपने अपने नहीं बुनते

दुनिया की परवाह ना कर दिल की आवाज सुनो,
लोगों की चितां छोड़कर अपनी मजिल चुनो।

शिक्षक

वन्दना
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

अभी कहाँ खुद को, पूरा लिख पाई हूँ,
अभी तो बस शुरू, ही कर पाई हूँ।
जिन्दगी तूने मौके, तो खुब दिए पर,
तुझे भी शिद्दत, से कहाँ जी पाई हूँ।
शिकवा या शिकायत, नहीं है किसी से,
पर बस मन कभी, नहीं कर पाई हूँ।
सबको खुश रखना, मुनासिव नहीं है
अब जाकर यह बात, समझ के पाई हूँ
छोड़ चुकी हूँ, रुठने–मनाने के सिलसिले,
जुस्तजू इस वात, को ही कर पाई हूँ,
आरजू है खुद से, खुद को मिला लूं,
इसी बात की अब,पहल कर पाई हूँ।

मेरी प्यारी दीदी

नेहा रानी
कक्षा – बी. ए. प्रथम वर्ष

मेरी जान मेरी शान है तू, मेरी नाम की पहचान है तू, मेरी दुनिया मेरा जहान है तू, मेरे आँखों का तारा है तू,

कभी हँसी न कोई ऐसी हँसी, जिसके पीछे तेरी खुशी ना हो,जिसके आगे तु खड़ी ना हो।

ऐसा किया न कोई फैसला जिसमें तेरी कभी मर्जी ना हो, वात की ना कभी उससे जिसे तु अभी समझी ना हो।

मेरे कालो के लिए महाकाल है तू, मेरे होठों की मुस्कान है तू, मेरे चेहरे का नूर है तू मेरे रंगों में बहती खून है तू, मेरे दुनिया से न्यारी दीदी है तू।

अनमोल वचन

इज्जत भी मिलेगी दौलत भी मिलेगी, सेवा करो माँ बाप की जन्नत भी मिलेगी। जिसके पास कुछ भी नहीं हैं उस पर, दुनिया हँसती है, जिसके पास सब कुछ हैं। उससे दुनिया जलती है, मेरे पास आप जैसे अनमोल रिश्ते है॥

जिनके लिये दुनिया तरसती है,

इतनी मेहरबानी मेरे ईश्वर बनाये रखना। जो रास्ता सही हो उसी पर चलाये रखना, न दुखे दिल किसी का मेरे शब्दों से इतनी कृपा मेरे ऊपर बनाये रखना।

मेरे गलतियाँ मुझसे कहो दूसरो से नही, क्योंकि सुधारना मुझे है दूसरों को नहीं खुश हूँ और सबको खुश रखती हूँ, लापरवाह हूँ फिर भी सबकी परवाह करती हूँ। मालूम है, कोई मोल नहीं मेरा फिर भी अनमोल लोगों से रिश्ता रखती हूँ।

विवाह क्या है?



नितिन कुमार गुप्ता
कक्षा – बी. कॉम. तृतीय वर्ष

विवाह..... वह खूब सूरत जंगल है....
जहाँ.... बहादुर शेरों का शिकार .....
हिरणियाँ करती है....॥
शादी का मतलब ..... अजी सुनते हो
से लेकर..... बहरे हो गये क्या....???
तक का सफर॥
शादी मतलब..... तेरी जैसा कोई नहीं ..... से लेकर ... तेरे
जैसे बहुत देखे है ..... तक का सफर...॥
शादी मतलब .... आप रहने दीजिए ....से लेकर मेहरवानी
करके आप रहने दो ... तक का सफर॥
शादी मतलब ..... कहाँ गई थी जान ..... से लेकर .....
कहाँ मर गई थी.... तक सफर॥
शादी मतलब ..... आप मुझे नसीव से मिले .....से लेकर ...
.. नसीब फूटे थे, जो तुम मिले ... तक का सफर॥
शादीशुदा जिन्दगी कश्मीर जैसी है।
खूब सूरत तो है, परन्तु आतंक बहुत है॥

अजीब शब्द है,

SORRY

इंसान कहे तो झगड़ा खत्म, और डॉ0 कहे तो इन्सान खत्म
इन्सान खुद की गलती पर, अच्छा वकील बन जाता है।
और दूसरों की गलती पर, सीधा जज बन जाता है।
वक्त और किस्मत पर , कभी घमंड मत करना
क्योकि, सुबह उनकी भी होती है, जिसके दिन खराब हो ।

'मच्छर'

पागल हैं वो लोग जो प्यार मे किसी को **MISS** करते है
करना हो तो मच्छर को **Miss** करो जो जान हथेली पर
रखकर आपको **Kiss** करते है।

सौ बातों की एक बात

मिथलेश
कक्षा – बी. ए. द्वितीय वर्ष

1. करने की कोई चीज है तो– प्रेम
2. छोड़ने की कोई चीज है तो– क्रोध
3. खाने की कोई चीज है तो – गम
4. देने की कोई चीज है तो – दान
5. लेने की कोई चीज है तो – ज्ञान
6. दिखने की कोई चीज है तो – दया
7. कहने की कोई चीज है तो – सत्य
8. रखने की कोई चीज है तो – मान
9. त्यागने की कोई चीज है तो – ईर्ष्या
10. छोड़ने की कोई चीज है तो – अहंकार
11. जीतने की कोई चीज है तो – मन
12. परखने की कोई चीज है तो – बुद्धि
13. सफलता की कोई चीज है तो – प्रसन्नता
14. संग्रह की कोई चीज है तो – विद्या
15. दुआ लेने की कोई है तो – माता पिता, गुरू

ओ मेरी प्यारी माँ

खुशबू आर्या
कक्षा – बी. ए. तृतीय वर्ष

ओ मेरी प्यारी माँ
सारे जग से न्यारी माँ।

हजारों फूल चाहिए एक माला बनाने के लिए,
हजारों दीपक चाहिए एक आरती सजाने के लिए,
हजारों बूंद चाहिए एक समुद्र बनाने के लिए,
पर माँ अकेले ही काफी है।
बच्चों की जिन्दगी को स्वर्ग बनाने के लिए।

प्यारी जग से न्यारी माँ, खुशियां देती सारी माँ।
चलना हमें सिखाती माँ, मंजिल हमे दिखाती माँ,

सबसे मीठा बोल है माँ, दुनिया में अनमोल है माँ
खाना हमें खिलाती है माँ, लोरी गाकर सुलाती है माँ
प्यारी जग से प्यारी माँ, खुशियां देती सारी माँ।

रानी लक्ष्मी बाई के बारे में 10 लाइन

रेनू शाक्य
कक्षा – एम.ए. प्रथम वर्ष

रानी लक्ष्मी बाई भारत के उन वीरांगनाओं में से आती है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए के और अपनी प्राण गवा दी। रानी लक्ष्मी बाई, बहुत ही साहसी और निडर रानी थी महिला होने के बावजूद भी वह अंग्रेजों खिलाफ टक्कर का मुकाबला लिया अपनी राज्य झांसी को गुलाम होने सें बचाया इस लड़ाई में रानी लक्ष्मी बाई ने अपनी जान तक दे दी।

1. रानी लक्ष्मी बाई का जन्म 19 नवंबर 1828 में हुआ
2. इनका जन्मस्थान काशी के असीघाट वाराणसी में हुआ था।
3. इनके पिता का नाम मोरोपंत तांबे और माता का नाम भागीरथी बाई था
4. इनका बचपन का नाम मणिकर्णिका रखा गया परन्तु प्यार से मनु पुकारा जाता था।
5. मनु जब मात्र चार साल की थी, तब उनकी मां का निधन हो गया
6. पत्नी के निधन के बाद मोरोपंत मनु झांसी लेकर चले गये।
7. रानी लक्ष्मी बाई का बचपन उनके नाना के घर बीता जहाँ वह छबीली कहकर पुकारी जाती है।

8. जब उनकी उम्र 12 साल की थी, तभी उनकी शादी झांसी के राजा गंगाधर राव के साथ कर दी गई।
9. उनकी शादी के बाद झांसी की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित सुधार हुआ, इसके बाद मनु का नाम लक्ष्मीबाई रखा गया।

10. अश्रारोहण और शस्त्र –संधान में निपुण में महारानी लक्ष्मी बाई ने झांसी किले के अंदर ही महिला – सेना खड़ी कर ली थी, जिसका संचालन वह स्वयं मर्दानी पोशाक पहनकर करती थीं।

(रानी लक्ष्मी बाई के प्रसिद्ध वचन)

मैं अपने झांसी का आत्म समर्पण नहीं होने दूंगी मैदाने जंग में मारना है, फिरंगी से नहीं हारना है मेरे स्वर्गीय पति ने शान्ति की कला पर अपना ध्यान समर्पित किया हम सब एक साथ ग्वालियर में अंग्रेजो पर हमला करेंगे।
''खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी''

आखिर बहु भी किसी की बेटी होती है

प्रिया शाक्य
कक्षा – बी.एससी. द्वितीय वर्ष

नहीं करनी मुझे शादी न होना मुझे परायी है।
कैसे मैं तुमसे दूर रहूँगी माँ जब सोच आँख भर आयी है।
सुनकर बेटी की बात माँ धीरे से मुस्काती है।
सुनकर बेटी की बात पास बुला बैठा प्यार से उसको कुछ समझाती है। ये रीत पुरानी है बेटियाँ जिसे हम सबको निभाना पड़ता है आज नही तो कल बेटी को अपने घर जाना ही पड़ता है।
यह सिर्फ तुम्हारी नही यहाँ हम सबकी यही कहानी है।
जिसे बड़ा किया अरमानों से वो बेटी एक दिन बेहानी है।
अपनी क्षमता से ज्यादा हम वर तुम्हारा ढूंढेंगे कह रही हो जिन्हें पराया हमसे ज्यादा खुश रखेंगे।
कि जिस घर से इतना स्नेह मिला उस घर को भी उतना ही देना कोई गुस्से में कुछ कह भी दे, दिल पर मत लेना जो आभूषण जहाँ के लिए बना हो उसी जगह पर सजता है।
पर मत लेना और नये लोगो के बीच जगह बनाने मे बेटियाँ थोड़ा वक्त तो लगता है।
डोली में कर रहे विदा, बस अर्थी में बापस आना कभी हृदय आहत भी हो तो भी तुम खुद ही खुद को समझाना धीरे–धीरे एक दिन तुम उस घर के रंग मे रंग जाओगी इस घर के लिये परायी उस घर का हिस्सा बन जाओगी।
कि सारी बातो की गाँठ बाँध माँ, मैं अपने संग ले आयी थी पर न जाने क्यों इस घर में भी और उस घर में भी मैं ही परायी थी
हर काम मैं करना चाहती हूँ जो मुझे नहीं भी आता है। पर थोड़ी भी गलती हो जाना जैसे यहाँ गुनाह हो जाता है।
क्या यही सिखाया माँ ने तुम्हारी, तुम्हारी हर रोज मुझसे सब कहते है। सब छोड़ आयी जिनकी खातिर वो भी अकसर चुप रहते हैं।
सुबह सवेरे जल्दी उठकर हर काम मे अपना निपटाती हूँ कोशिश करके हार गयी माँ, पर मन जीत न पाती हूँ।
अपने सारे अरमानों की फिर एक चादर ओढ़ सो जाती हूँ।
समझाया तुमने जैसा वैसा तो कुछ भी न पाती हूँ।
हर रोज आँख नम होती है, हर रोज हृदय भर आता है।
बहु भी बेटी होती है, कोई क्यों समझ नही पाता है। कहने को हर रिश्ता अपना, पर अपने पन से कोसों दूरी है यह कैसी रीत है दुनिया की, माँ कैसी मेरी मजबूरी है।
न जाने कब यह मुझे पूरे मन से अपनायेगें । जो प्यार मिला माँ पापा से क्या यहाँ कभी मिल पायेगा।

जोक्स

ज्योति
कक्षा – बी.एससी. द्वितीय वर्ष

1. पेशेंटः– डॉ0 साहब इस प्रिस्क्रिप्शन में आपने जो दवाइयां लिखी है। उनमे से सबसे ऊपर की नहीं मिल रहीं है।
डॉ0ः– वो दबाई नही है। मै पेन चलाकर देख रहा था
पेशेंटः– तुम्हारी हैडराइटिंग के चक्कर में ना जाने कितने मेडिकल शॉप घूम कर आया हूँ। एक ने कहा कि माल मंगा दूंगा दूसरे ने कहा कि ये कंपनी बंद हो गई कि तीसरा कह रहा था ये तो ब्लैक मे ही मिल पाएगी और चौथा तो बहुत ही एडवांस था बोला – ये तो कैंसर की दवाई है! विदेश से मगांनी पड़ेगी।

2. एक दादा दादी ने अपनी जबानी के दिनों को याद करने का फैसला किया। अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे, जहां वो दोनों जबानी में मिला करते थे। बहुत देर तक खड़े होने के कारण दादा कै पैरों में दर्द हो गया, लेकिन दादी नहीं आयी? घर आकर दादा गुस्से से बोलेः– आई क्यों नहीं? दादी ने शर्माते हुए जवाब दिया– मम्मी ने आने नहीं दिया।

3. मालिक ने नौकर से कहा – मच्छर मार दो आजकल मच्छर बहुत ज्यादा हो गए है। नौकर बहुत ज्यादा आलस मे पड़ा रहा थोड़ी देर बाद जोर जोर से मच्छर गुनगुनाने लगे मालिक ने नौकर से पूछा मच्छर मारे नहीं क्या। नौकर बोला मच्छर तो कब के मार दिये हैं। ये तो उनको बिधवा पत्नियो के रोने की आवाज है,

4. होली पर बलम पिचकारी जैसा गाना देने को लिए यह जबानी है दीवानी, बनाने वालों को तहे दिल से शुक्रिया बरना सालो से रंग बरसे सुन सुन के, जीवन ही खत्म हो चला था।

5. सभी बीमारियो का रामबाण इलाज होली की शाम अपने सिर पर से 7 बार मोबाइल घुमाकर आग मे। फेकें और पीछे मुड़कर न देखे। एक–दो दिन परेशानी होगी, गुस्सा आएगा फिर इन सारी बीमारियों मे आराम आ जाएगा।

6. अगर आपके पापों का घड़ा भर जाए तो उसे हटाकर एक बड़ा सा ड्रम लगा दे।

दहेज की दीवार

संजीव कुमार "सागर"
कक्षा – बी.कॉम. तृतीय वर्ष

आज बिक गया फिर घर किसी का
इन काफिरों की होड में
दहेज का ये सिल सिला
बढ़ता चला कुछ यूँ गया।

दहेज की इन आँधियों में पिता का
फिर पतन हुआ, दहेज का ये सिल–
सिला चराग बन के जल उठा
आज बेटियों के बाप का उजड़ ये घोंसला गया।

आज बिक गया फिर घर किसी का
इन काफिरों की होड में
दहेज का ये सिल – सिला
बढ़ता चला कुछ यूँ गया।

है भीख पुरानी वही फिर तरीका
क्यों बदल गया।
जिसे गिफ्ट का है नाम दें
पिता फिर सूली चढ़ गया।
ये काफिरों का सिल – सिला
यूँ इस कदर कुछ बढ़ गया
किसी बाप की कमाई का
मजाक बन के गया।

आज बिक गया फिर घर किसी का
इन काफिरों की होड में
दहेज का ये सिल सिला
बढ़ता चला कुछ यूँ गया।

दहेज के इस फर्ज़ में कुछ कर्ज़
ऐसे बढ गया।
इन साहूकारों जैसे
होंसला फिर बढ़ गया
उतार पग रखनी पड़ी लेनदारों के
पैर में
पिता का ये बजूद फिर सदा के
लिए मर गया।

आज बिक गया फिर घर किसी का
इन काफिरों की होड में
दहेज का ये सिल सिला
बढ़ता चला कुछ यूँ गया।

अब हर बेटी पड़ेगी



मोहिनी शर्मा
कक्षा – बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

18 बरस की हर बेटी पड़ेगी
21 तक अपना फ्यूचर गड़ेगी,
पैरों पर अपने खड़े होकर दम से
सबको बढ़ाएगी खुद भी बढ़ेगी।
बेटा–बेटी बराबर देश में,
खिलाड़ी भी है नारी सिपाही भी है नारी,
मत्रांलय में है नारी की भागीदारी,
मिसयूनिवर्स पर नाज है,
बेटी कल की बेटी आज है।
लड़ सकती हूँ कहकर डर से लड़ेगी,
सबको बढ़ाएगी खुद भी बढ़ेगी,
बेटा–बेटी बराबर देश में।
जमीन के हर पायदान पर पायलट है आसमान में,
रॉकेट के पर लगाकर उड़ेगी,
मंगल से जब चाँद को उड़ेगी,
सबको बढ़ायेगी खुद भी बढ़ेगी।
बेटा – बेटी बराबर देश में।
छोरा–छोरी बराबर देश में॥

''घर की जान होती है बेटियाँ
पिता का गुमान होती है बेटियाँ
यूँ समझ लो बेमिशाल होती है, बेटियाँ
हकीकत में इस धरती का ताज है बेटियाँ''

आज समय की शिलालेख पर अंकित स्वर्ण कहानी है।
भारत के उज्ज्वल भविष्य की जोतम दार निशानी है।
क्रांति जनक है नई धमक है नए जोश के तेवर है।
हर मुश्किल से लड़ जाने का रखती आज कलेवर है।
दिल ए वतन की ही धड़कन है बेटी हिन्दुस्तान की।
सारे जग में No- 1 है बेटी हिन्दुस्तान की।
बेटियाँ है कमजोर बातें ये पुरानी हुई,
संकट से आँख भी मिलाना जानती है ये।
मेहंदी या चौकपूर्णा ना ही आता इन्हें।
पत्थरों में फूल भी खिलाना जानती है ये।
पानी पूरी खाने वाली सिर्फ मत जानिएगा,
पापियों को पानी भी पिलाना जानती है ये।
अब है हुनर वाली शेरनी जिगर वाली,
घर नहीं देश भी चलाना जानती है।
ये चाहे जो भी मिले भूमिका हर दायित्व निभाती है,
अबला कहने वालों को बन सबला पाठ सिखाती है।
शक्ति शौर्य सच का दर्पण है बेटी हिंदूस्तान की,
सारे जग मे No- 1 बेटी हिन्दुस्तान की।
खेल और खेल–खेल में ही जीत लेती है,
ये एवरेस्ट सा बुलंद ख्वाब जीत लेती है
रास्ते के कष्ट 3–4 पृष्ठ नहीं कामयाबी की पूरी किताब जीत लेती हैं।
आंधियों में अड़ी रही तूफानों में खड़ी रही जो,
बाजुओं से सारा ही सैलाब जीत लेती है।
पश्चिम की चकाचौंध और, खुले दौर बीच विश्व सुंदरी का भी खिताब जीत लेती है।
इन्हें निबल कहने वालों के मुंह पर लटका ताला है,
किचन संभाला करती थी जो सरहद आज संभाले हैं,
नई सदी का परिवर्तन है बेटी हिन्दुस्तान की,
सारे जग में No- 1 बेटी हिन्दुस्तान की।

"Before you Speak"
(Think)

T – Is it True
H – Is it Helpful
I – Is it Inspiring
N – Is it Necessary
K – Is it Kind



You can do everything

Life is the most precious gift given to us by God. All of us want to achieve the "Success in the life". There is no shortcut to success. Nor is any formula for finding it.

There are only two things which we all need in order to be successful. "Hardwork" and "Faith" must be maintained.

But in real life only that person can understand the importance of hardwork and faith has faced failures in life. Failures are nothing but stepping steps to success. Our faith, single minded devotion toward God given us great determination to win over all odds and have courage to face harsh realities.

Swami Vivekanand has said," "Stand up. Be bold and brave. Be strong all power is within you can do anything and everything."

Two Sides of Money

Money can buy the body – Not soul
Money can buy a book – Not Knowledge
Money can buy an idol – God cannot
Money can take life – it cannot give
Money can buy opulence – Not peace of mind
Money can buy a sword – Not courage
Money can buy songs – Not vocals
Money can buy bed – But not sleep
Money can buy food – But not appetite
Money can buy medicine – But not health
Money can buy a house – But not home
Money can buy fashion – But not beauty

प्रेरणादायक

शैली मिश्रा
कक्षा – बी. ए. द्वितीय वर्ष

क्यों हो गये हम ऐसे–

थोड़ा सा व्यापार बड़ा – अहंकारी हो गये।
थोड़ा से धन मिला – बेकाबू हो गये
थोड़ा सा ज्ञान मिला – उपदेश की भाषा सीख गये
थोड़ा सा सम्मान मिला – पागल हो गये
थोड़ा सा यश मिला – दुनियापर हँसने लगे
थोड़ा सा रूप मिला – दर्पण ही तोड़ दिया।

मेहनत का फल

मेहनत से सब मिल जायेगा,
बस थोड़ी मेहनत कीजिए
हाँ लक्ष्य कठिन है थोड़ा सा,
हर सम्भव कोशिश कीजिए
पथ में कठिनाईयाँ आयेगी,
कुछ तो निराश कर जायेगी
पर अगर यकी हैं खुद पर तो,
इन काटो को सॉफ कीजिए।
एक बात यहाँ विशेष है,
गुरूओं का आदर कीजिए।
वे हमारे पथ प्रदर्शक है

समझने की कोशिश कीजिए

समझने की कोशिश कीजिए,
इन सब बातों से बढ़कर,
एक और बात भी कहनी है,
उस परम–पिता परमेश्वर का,
थोड़ा सा स्मरण कीजिए।
बह जगत पिता सब कुछ देगा,
कुछ समय प्रतीक्षा कीजिए,
मेहनत के बल पर ही,
सब कुछ अपना कर लीजिए।
समय बड़ा अनमोल है,
यूँ इसको न जाने दीजिए,
हर क्षण का सदुपयोग कर,
तारों को भी हासिल कर लीजिए।
मेहनत से सब मिल जायेगा,
बस थोड़ी मेहनत कीजिए,
हाँ लक्ष्य कठिन है थोड़ा सा,
हर सम्भव कोशिश कीजिए।
''यदि खड़े रहो तो एक ''पेड़'' की तरह ताकि
सभी को छाया दे सको.....
और यदि शिरों तो एक ''बीज'' की तरह ताकि
फिर उठ कर खड़े हो सको।''

शैली मिश्रा
कक्षा – बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

सहयोग

एक जगंल में नदी के किनारे बहुत सी बकरियां रहती थी। नदी के ऊपर सकंरा पुल बना हुआ था, जिस पर से बकरियाँ तट पार करती थी, परन्तु पुल इतना संकरा था कि उस पर एक बार में एक बकरी ही पुल पार कर सकती थी। एक बार दो बकरियाँ आमने सामने से तट के बीच आ गयीं दोनो को ही विपरीत दिशाओं में जाना था। विकट समस्या थी पुल से केवल एक ही बकरी तट पार कर सकती थी 'परन्तु कौन पहले जाए' दोनों बड़ी जिद्दी बकरियाँ थी, व पहले पार जाने के लिए आपस में लड़ने लगी। जब बात मारपीठ तक पहुंची तो उनका सन्तुलन बिगड़ गया और वह सीधी पानी में जा गिरी और मर गयी। कुछ समय बाद फिर से ऐसे ही दो बकरियाँ विपरीत दिशा से आमने–सामने आयीं। उनका आमना–सामना हुआ उन दोनों के समझ भी यही समस्या थी परन्तु वें दोनो नेक और समझदार बकरियाँ थी वे लड़ी नहीं वे दोनो मिलकर उपाय सोचने लगी तभी उनमें से एक बोली ऐसा करते है मैं बेठ जाती हूँ तुम मेरे ऊपर से अपनी दिशा की और चली जाओं बहन दूसरी बहुत प्रसन्न हुई और बोली ठीक है तो चलो मैं बैठ जाती हूँ तुम मुझे लाद कर पुल पार कर लेना' इतना कह कर वह लेट गयी पहली बकरी उसे लांघ कर पुल पार कर चली गयी व दूसरी बकरी भी उठकर अपनी दिशा में चली गयी।

शिक्षा– सहयोग, प्रेम, अपनापन, समझता, दयालुता ये सभी हमारे गुण दुसरो के प्रति ही नहीं अपितू हमारे स्वयं के जीवन हेतू भी लाभदायक है ''सहयोग ही जीवन है''

नियर्थक घमण्ड, अहंकार हमारे विनाश के सूचक है–

अत: विनाश से बचे विकास कि ओर बढ़े'

गौरव – गान

मीनाक्षी
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

अमरपुरी से भी बढ़कर के जिसका गौरव गान है–
तीन लोक से न्यारा अपना प्यारा हिंदुस्तान है।
गंगा, यमुना सरस्वती से सिंचित जो गत–क्लेश है।
सजला, सफला, शस्य श्यामला जिसकी धरा विशेष है।
ज्ञान–रश्मि जिसने बिखेर कर किया विश्व–कल्याण है–
सतत– सत्य–रत, धर्म–प्राण वह अपना भारत देश है।
यहीं मिला आकार ज्ञेय को मिली नई सौगात है–
इसके दर्शन का प्रकाश ही युग के लिए विहान है।
वेदों के मंत्रों से गुंजित स्वर जिसका निर्भ्रांत है।
प्रज्ञा की गरिमा से दीपित जग–जीवन अक्लांत है।
अंधकार में डूबी संसृति को दी जिसने दृष्टि है–
तपोभूमि वह जहाँ कर्म की सरिता बहती शांत है।
इसकी संस्कृति शुभ्र, न आक्षेपों से धूमिल कभी हुई–
अति उदात्त आदर्शों की निधियों से यह धनवान है॥
योग–भोग के बीच बना संतुलन जहाँ निष्काम है।
जिस धरती की आध्यात्मिकता, का शुचि रूप ललाम है।
निस्पृह स्वर गीता–गायक के गूँज रहें अब भी जहाँ–
कोटि–कोटि उस जन्मभूमि को श्रद्धावनत प्रणाम है।
यहाँ नीति–निर्देशक तत्वों की सत्ता महनीय है–
ऋषि–मुनियों का देश अमर यह भारतवर्ष महान है।
क्षमा, दया, धृति के पोषण का इसी भूमि को श्रेय है।
सात्विकता की मूर्ति मनोरम इसकी गाथा गेय है।
बल–विक्रम का सिंधु कि जिसके चरणों पर है लोटता–
स्वर्गादपि गरीयसी जननी अपराजिता अजेय है।
समता, ममता और एकता का पावन उद्गम यह है
देवोपम जन–जन है इसका हर पत्थर भगवान है।

विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक

दीनदयाल
कक्षा – बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

1. यूँ जमीन पर बैठकर क्यूँ आसमान देखता है,
   पँखों को खोल जमाना सिर्फ उड़ान देखता है।
2. ना दान है वो बच्चे, जो माँ बाप का अपमान करते है।
   अहम रखते है वो माँ बाप,
   जिन्हें देवता भी प्रणाम करते है।
3. बिना सावन बरसात नहीं होती,
   सूरज डूबे बिना रात नहीं होती।
   ऐ मेरे दोस्त तू किसी का दिल मत तोड़ना
   क्योंकि दिल टूटने पर आवाज नहीं होती॥
4. खुशबु बनकर गुलों से उड़ा करते हैं,
   धुआं बनकर पर्वतों से उड़ा करते है।
   ये कैंचियाँ खाक हमें उड़ने से रोकेगी,
   हम परो से नहीं हौसलों से उड़ा करते है।
5. मंजिल उन्ही को मिलती है।
   जिसके सपनों में जान होती है
   पंख से कुछ नहीं नहीं होता,
   हौसलों से उड़ान होती है।
6. इज्जत भी मिलेगी दौलत भी मिलेगी।
   सेवा करो माँ बाप की जन्नत भी मिलेगी।
7. एक माँ की ममता, एक बाप का प्यार
   वाकी सारी दुनिया, मतलब की है प्यार।



Friends Are Forever

दीनदयाल
कक्षा – बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

इश्क और दोस्ती मेरे दो जहान है,
इश्क पर मेरी रूह तो दोस्ती मेरा ईमान है।
इश्क पर तो फिदा कर दूँ अपनी पूरी जिंदगी,
पर दोस्ती पर तो मेरा इश्क भी कुर्बान है।

दोस्ती वो नहीं जो जान देती है,
दोस्ती वो भी नहीं जो मुस्कान देती है,
अरे अच्छी दोस्ती तो वो है....
जो पानी में गिरा हुआ आंसू भी पहचान लेती है।

रिश्तों से बड़ी चाहत और क्या होगी,
दोस्ती से बड़ी इबादत और क्या होगी,
जिसे दोस्त मिल सके कोई आप जैसा,
उसे जिन्दगी से कोई और शिकायत क्या होगी।

सादगी किसी श्रृंगार से कम नहीं होती,
चिंगारी किसी अंगार ये कम नहीं होती,
ये तो अपनी अपनी सोच का फर्क है बर्ना,
दोस्ती किसी प्यार से कम नहीं होती।

अच्छा और सच्चा दोस्त एक फूल है,
जिसे हम तोड़ भी नहीं सकते,
और अकेला छोड़ भी नहीं सकते,
अगर तोड़ लिया तो मुरझा जायेगा,
और छोड़ दिया तो कोई और ले जायेगा।

आपकी दोस्ती ने हमें जीना सिखा दिया,
रोते हुए दिल को हँसना सिखा दिया,
कर्जदार रहेंगे हम उस खुदा के,
जिसने आप जैसे दोस्त से मिला दिया।

एक रात खुदा ने मेरे दिल से पूछा
तू दोस्ती में इतना क्यों खोया है
दिल वोला दोस्तों ने ही दी है सारी खुशियाँ
वरना प्यार करके तो दिल हमेशा रोया है।

नाजुक सा दिल कभी भुल से न टूटे,
छोटी छोटी बातों से आप न रूठे,
थोड़ी सी भी फिकर है अगर आपको हमारी
तो कोशिश करना की ये दोस्ती कभी न टूटे।

दोस्ती नजारों से हो तो उसे कुदरत कहते है,
चाँद-सितारों से हो तो जन्नत कहते है,
हसीनों से होतो मोहब्बत कहते है,
और आपसे हो तो उसे किस्मत कहते है।

वक्त की राहों में तुम भुला दो चाहे हमें,
पर हम तुमको न भूल पायंगे,
तेरी दोस्ती की कसम ऐ दोस्त तू आवाज दे ख्वाबों में
हम हकीकत में चले आएंगे।

"Heart Touching" Poem By "A Soldier"

Richa Mishra
B.A. IInd Year

If I die in a war zone,
Box me up and send me Home.
Put my medals on my chest,
Tell my Mom I did my best.
Tell my Dad not to Bow,
He won't get tension from me how.
Tell my bro to study perfectly,
Key of my Bike will be his permanently.
Tell my sister not to be upset,
Her bro will take a sleep after sunset.
"Tell my Nation not to cry,
Because I am a soldier, Born to Die".

TRUTH OF LIFE

Vidur Parashari
B. Com (1st)

According different peoples
A rich man burst into laughter and said
– Money is Life
A poor man tremble with cold and said
– Life is Struggle
A lazy man dreaming in his sleep said
– Life is Bed of Roses
A saint in his speech said
– Life is only way to reach God
A famous poet said
– Life is full of care
A lover waiting for his beloved & said
– Love is Life
But I says,"Life is an unsolved mystery

Some characteristic of life

Life's friend	Confidence
Life's song	Smile
Life's recognization	Behaviour
Life's fuel	Hardwork
Life's enemy	Anger
Life's joy	Success
Life's sorrow	Failure
Life's dream	Superb

Motivation Lines



लक्ष्मी
कक्षा - एम.ए. प्रथम वर्ष

1. सपने और लक्ष्य में एक ही अंतर है, सपने के लिए बिना मेहनत की नींद चाहिए और लक्ष्य के लिए, बिना नींद की मेहनत।
2. कोशिश आखिरी साँस तक करनी चाहिए या तो लक्ष्य हासिल होगा या अनुभव।
3. लक्ष्य एक होता है, और रास्ते अनेक, कभी रास्ता बंद हो जाए तो रास्ता बदलो, लक्ष्य नहीं।
4. हर शक्स की उदासी का मसला इश्क नही होता जिन्दगी और परिवार की कुछ उलझने भी इंसान को उदास होने पर मजबूर कर देती है।
5. टूटे हुए काँच की तरह चकनाचूर हो गए किसी को लग ना जाये इसलिए सबसे दूर हो गए
6. अपने मन और शरीर को इस तरह से तैयार करे कि हर स्थिति में शान्त रहे।
7. खुद पर इतना काम करो कि लोग कहने लगे यार इसके जैसा बनना है 1
8. जिनके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ होता है, उनको रूठने और टूटने का हक नही होता ..
9. Dear Girls, don't depend on others Just study well, Work hard, earn money and make your Parents proud-

Eight wonderful thoughts

Before you speak, listen
Before you write, think
Before you spend, earn
Before you pray, forgive
Before you hurt, feel
Before you hate, love
Before you quit, try
Before you die, live

All the beautiful things start from the heart. All the bad things start from the mind. Never let the mind rule your heart. Let the heart your mind.

कोई अर्थ नही

नित जीवन में संघर्षो से,
जब टूट चुका हो अर्न्तमन तब सुख के मिले समन्दर का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं जब फसल सूख कर जल के
बिन, तिनका-तिनका बन गिर जाए,
फिर होने वाली वर्षा का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं सम्बन्ध कोई भी हो लेकिन,
यदि दुख में साथ न दे अपना फिर सुख में
उन सम्बन्धों का रह जाता कोई अर्थ नहीं।
छोटी-छोटी खुशियों के क्षण निकले जाते हैं,
रोज नही फिर सुख को नित्य प्रतीक्षा का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं मन कटुवाणी से आहत है,
भीतर तक छलनी हो जाए फिर बाद कहे प्रिय वचनों का,
रह जाता कोई अर्थ नहीं सुख साधन चाहे जितने हो,
पर काया रोगों का घर हो, फिर उन अगणित
सुविधाओं का रह जाता कोई अर्थ नहीं।



लक्ष्मी
कक्षा – एम.ए. प्रथम वर्ष

सत्य

सर्वोत्तम दिन	–	आज
सबसे उपयुक्त समय	–	भय
सबसे बड़ा पाप	–	घृणा
सबसे बुरी भावना	–	ईर्ष्या
सबसे बड़ी आवश्यकता	–	सामान्य ज्ञान
सबसे बड़ी भूल	–	समय की बर्बादी
सबसे विश्वसनीय मित्र	–	आपका अपना हाथ
सबसे बड़ा शिक्षक	–	जो आपको सीखने की प्रेरणा दे।
सबसे बुद्धिमान मनुष्य	–	जो वह करें जिसे वह स्वयं ठीक समझे
सबसे सरल कार्य	–	दूसरों की कमी निकालना
सबसे बड़ा दिवालिया	–	जिसने अपना उत्साह खो दिया हो
सबसे भाग्य शाली व्यक्ति	–	जो अपने काम में संलग्न हो
सभी धर्मों का निचोड़	–	सच्चाई, ईमानदारी, विनम्रता

मेहनत

जलधारा के विपरीत चले – जो असीम साहस दिखजाते :
नित मेहनत करने वाले बाधा में भी मुस्काते॥
मेहनत के परचम फहराते, गिरकर, फिर उठतेः
कर्मवीर कहलाते वो–जो तूफानों से नहीं डरते॥
कुछ हो जाते अर्पित धारा में, दोष भाग्य का बन जाताः
मन टूटा तो टूटी हिम्मत दोष दुर्भाग्य के सर जाता।
कर्महीन बन वे फिर–हस्त रेखाओं को रोते॥ अरे,
किस्मत बनाते वे भी जिनके हाथ्ज्ञ नही होते॥
कभी न टूटो–कभी न हारो बस आगे ही बढ़त रहना,
निश्चय जानो होगी जीत, धैर्य–लगन से सब सहना॥
कुछ भी नहीं असंभव यदि निष्ठा करने की ठानीः
मेहनत ही भाग्य बनाती ये है सतों की बानी।

प्यारे पापा

लक्ष्मी
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

बेटी ''बनकर आई हूँ माँ बाप के जीवन में बसेरा होगा मेरा कल किसी और ''आँगन'' में क्यूँ ये रीत रब ने बनाई होगी। कहते है! आज नहीं तो कल बेटी ''पराई'' होगी देके ''जन्म'' पाल पोषकर जिसने हमें बड़ा किया और वक्त आया तो उन्हीं हाथों ने हमें ''विदा'' किया पर फिर भी उस बंधन में प्यार मिले जरूरी तो नहीं.... क्यों वस यही बेटियों का नसीब होता है।

माँ – बाप

बहुत देखे अपने मगर माँ बाप के सिवा कोई अपना ना दिखा। बहुत मिले झूठे प्यार का दिखावा करने वाले, मगर माँ बाप के सिवा कोई चाहने वाला ना मिला। वहुत मिले साथ निभाने के वादे करने वाले, मगर माँ बाप के जैसा कोई साथी ना मिला बहुत देखे मैने चाँद तारे को तोड़ कर जमीन पर लाने के बादे करने वाले, मगर माँ–बाप के सिवा कोई ख्वाहिश पूरी करने वाला ना मिला।

माँ क्या है?

श्रीकान्ता
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

समुन्द्र ने कहा – माँ ऐसी सीप है, जो अपने बच्चो के हजारो राज सीने में छिपा जाती है।

बादल ने कहा – माँ बर्षा का पानी है, जिसके प्यार में नहाकर मन खुश हो जाता है।

शायर ने कहा – माँ एक ऐसी गजल है, जो हर सुनने वाले की रूह में उतर जाती है।

बच्चों ने कहा – माँ ममता की अनमोल दास्तान है, जो हर दिल में अंकित है।

वृक्ष ने कहा – माँ तो वृक्ष है जो अपनी सुहानी छाया का आँचल हमेशा साथ रखती है।

पृथ्वी ने कहा – माँ तो वह मिट्टी है जो दूसरों को जीवन देती है।

हमने अपने दिल से कहा – आकाश में जिसका अन्त नहीं, उसे आसमाँ कहते है, जमीं पे जिसके प्यार का अन्त नहीं उसे माँ कहते हैं।

1. पैर की मोच और छोटी सोच, इंसान को कभी आगे नहीं बढ़ने देती है।

2. ईश्वर ने आपके बैंक अकाउंट में प्रेम, आनन्द और शक्ति जमा की है, यदि आपको ATM के द्वारा इन्हें लेना है तो पासवर्ड है – प्रार्थना।

3. किसी फकीर की झोली में जब मैने एक सिक्का डाला ..... तो ये जाना कि इस मंहगाई के जमाने में ''दुआएं'' आज भी कितनी सस्ती है .....

4. ''बादाम'' खाने से उतनी अक्ल नहीं आती जितनी कि ''धोखा'' खाने से आती है।

5. तैरना है तो समुंदर मैं तैरो, किनारों में क्या रखा हैं, मोहब्बत करनी है तो पहले वतन से करो, लडकियों में क्या रखा है।

नारी तू खुद को पहचान

रिचा मिश्रा
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

कौन कब, बहती हवा को रोक पाया है,
कौन कब, उड़ते परिंदे को टोक पाया है,
और हे स्त्री ! कौन है तू क्या है तू,
यह कौन कब तुझसे बेहतर तुझे सोच पाया है।
कोई नहीं पहचानेगा तेरा मान,
तू खुद को खुद से पहचान,
चाहती है अगर जग में सम्मान,
खुद संभाल ले अपनी इज्जत,
जिंदा कर खुद में तू स्वाभिमान,
जो तुझमें आगे बढ़ने की चाह होगी,
सरल तेरी हर एक राह होगी,
तेरे नाम पर चन्द नारे लगाने से,
या कि मर जाने पर तेरे एक मोमबत्ती जलाने से,
तू आगे आएगी,
यह ही सोचा है, तो तू खुद कभी न जीत पाएगी,
बार–बार इस समाज को ही जिताएगी,
अरे! क्यों कोई तुझे हाथ पकड़ कर आगे लाएगा,
क्यों कोई तेरे लिए आवाज उठाएगा,
अपनी आवाज तुझे खुद उठानी होगी,
बांध हौसला अपनी हिम्मत तुझे खुद जुटानी होगी,
इस समाज से तुझे क्यों अपेक्षा है।
इसने क्या नहीं देखा है,
प्रकृति को नहीं जाना जो सबको जान देती है,
वो भी तो खुद इसी बात का ज्ञान देती है,
कि बिन नारी जीवन सबका अधूरा है,
क्या सूरज बिना किरण के पूरा है,
चाँद में यदि चाँदनी न हो,
रात में उजाला कहाँ हो,
और बादल जब कभी आसमान पर छाता है,
क्या घटा को घर छोड़ आता है,
क्या फूल बिना वाली के बन जाता है,
क्या बच्चा बिन माँ के जीवन पाता है,
काम कितना भी कठिन हो या सरल,
पर गौर करो जरा कि, भी सफर जाकर
मंजिल पर ही खत्म होता है,
और सुना तो यह भी है कि,
जब तक बत्ती साथ निभाती है,
उजाला दीपक का कम होता है,
इस सबके बाद भी यदि तू खुद को न जान पाएँ,
न स्वाभिमान अपना पहचान पाएँ,
अपने अन्दर आज भी आत्मनिर्भरता की,
शून्यता को पाएं,
तो तू खुद को नहीं ईश्वर को ठेस पहुँचाए,
अरे स्त्री है तू ! पहचान कर खुद को आगे बढ़,
खुद उठकर, हर आने वाले मौसम का स्वागत कर।

मेरे अल्फाज

नारी तू भी आगे बढ़

क्यों डरती है, निर्भय तू चल,
मत भूल, तू बस अपनी लाज की सीमा,
मत भूल तू बस अपनी गरिमा,
नही है कोई बड़ी बात, बन सकती है,
तू भी अरुणिमा सिन्हा
विना भूले अपनी सभ्यता जो तू चाहती है,
वो तू कर,
''नारी तू भी आगे'' बढ़''
जब – जब तूने कदम आगे बढ़ाया है,
तब – तब देश ने एक नई कल्पना चावला को पाया है,
बनकर रानी – लक्ष्मीबाई समाज को तूने
ही बीरता का पाठ पढ़ाया है,
बनकर सीता तूने ही धर्म सबको बतलाया है,
और लिया है, गर जन्म नारी जाति में,
तो मत फालतू बातों में पड़कर,
बिना कुछ करे, इन महान नारियों को,
और नारी जाति को कलकिंत कर,
''नारी तू भी आगे बढ़''
बेशक मत बन तू मीरा, मत बन तू राधा,
पर किसी की उर्मिला जरूर बन,
मत ले किसी का सहारा,
अपने ही भरोसे पर तू चल
अगर न मिले कहीं से उम्मीद,
तो ले अपना ही बल,
''नारी तू भी आगे बढ़''

स्त्री ने पुरुषों से है, ज्यादा नाम कमाया,
इन्होनें ही है हमारे भारत को महान बनाया,
मत किसी के हाथों जलकर मर,
मत तू अपना जीवन बरबाद कर,
और गर मरना ही है तुझे तो इस वतन पर मर,
मत कर किसी से आस, मत रह किसी के भरोसे,
अपना नाम खुद अमर कर,
''नारी तू भी आगे बढ़''।

श्रृखंला मिश्रा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

माना कि, जिन्दगी, में गम है, बहुत,
खुशियाँ बेशुमार नहीं,
पल दो पल भी मुस्कुरा न सके,
इतने भी हम बीमार नहीं,
ढूंढ़ने वाले के लिए तो तिनके का,
सहारा बेकार नहीं,
और मौसम भी पा न सके,
इतने भी हम लाचार नही,
क्या हुआ? जो कोई साथ नही,।
क्या हम खुद के लिए मददगार नही,
जब तक सांसे चलती है,
जीना इतना भी, दुश्वार नहीं,
माना कि, वक्त नाजुक है,
और मौसम खुशगवार नही,
पर इक झोके में ही बिखर जायें,
इतने तो हम सुकुमार नहीं,
कोई सुनें या न सुने,
सुनेगा वो, चाहेगा वो,
जिसमें स्वार्थ की कोई,
दीवार नहीं,.
सब ही का है वो, सब उसी के है,
कभी होते जिसके दीदार ही नही,
अगर ईश्वर है नहीं,
तो फिर जिक्र क्यों है,
और गर ईश्वर है तो,
ऐ इन्सान तुझे फिक्र क्यों है ।

What do problems mean for us

श्रृखंला मिश्रा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

P–Predicato – They help us to mold our future.
R – Reminder – We are not self sufficient, We need God and others help.
O – Opportunities – They pull us out of our rut and cause us to think creatively.
B – Blessing – They open up doors. We usually don't go through.
L – Lesson – Each new talent will be our teacher.
E – Everywhere – No place or person is excluded from them.
M – Message – They warn us about potential disasters.
S – Soluable – No problem is without a solution.

Life

- Life is a challenge – Duke it out
- Life is a gift – Accept
- Life is a sorrow – Rise above
- Life is a duty – Perform
- Life is a game – Play
- Life is a song – Sing
- Life is a promise – Complete
- Life is a mess – Solve out
- Life is a love – Enjoy

The Meaning of "Father" / "Mother"

- F - Friend
- A - Adviser
- T - Teacher
- H - Helper
- E - Encouraging
- R - Reader of your mind

- M - Motivator
- O - Only one
- T - True love
- H - Heartiest
- E - Exceptional
- R - Responsible

Don't Worry

Look at the Flowers in the field,
They don't sow or shop for clothes,
If God takes care of flowers in the field,
He will take care of you.
Don't worry, don't worry
God will take care of you.
Look at the birds up in the sky,
They don't plant or grow their food,
If God can feed the birds up in the sky,
He will take care of you.

The Best

1. The Best Day – Today
2. The Best Teacher – Experience
3. The Best Lesson – Patience
4. The Best Sport – Duty
5. The Best Book – Life
6. The Best Friend – Truth
7. The Best Food – Thought
8. The Best Medicine – Laughter
9. The Best Hobby – Service

माँ

हजारों फूल चाहिए एक माला
बनाने के लिए,
हजारों दीपक चाहिए एक आरती
सजाने के लिए,
हजारों बन्द चाहिए समुद्र बनाने
के लिए,
पर ''माँ'' अकेली ही काफी है,
बच्चो की जिन्दगी को स्वर्ग
बनाने के लिए।
''जब तक मेरे मम्मी–पापा
मेरे साथ है,
तो मुझे कोई फर्क नही पड़ता,
कि कौन–2 मेरे खिलाफ है''

कोशिशें जारी रख

कोशि कर, हल निकलेगा,
आज नहीं तो, कल निकलेगा,
अर्जुन के तीर सा सघ
मरुस्थल से भी जल निकलेगा,
मेहनत कर, पौधों को पानी दे,
बंजर जमीन से भी फल निकलेगा,
बंजर जमीन से भी फल निकलेगा,
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दें,
फौलाद का भी बल निकलेगा,
जिंदा रख, दिल में उम्मीदों कों,
गरल के समंदर से भी गंगाजल निकलेगा,
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की
जो है आज थमा – थमा सा, चल निकलेगा,

मेरे अल्फाज

श्रृखंला मिश्रा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

पिता

पिता कितना प्यार करता है,
वो बच्चों को जताता नही हैं,
बच्चों के लिये करता है मेहनत,
मजदूरी कभी शर्माता नहीं हैं,
जिम्मेदारियों का कितना बोझ हैं,
वो कभी घर पर बताता नहीं है,
पिता के लिये कोई शब्द नही हैं।
इसलिये कोई लिख पाता नहीं हैं।
''जिनके होने से में खुद को,
मुक्कमल मानती हूँ,
मेरे रब के बाद बस मैं अपने,
मम्मी – पापा को जानती हूँ,,

श्रृखंला मिश्रा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

Some Lines

दिल जब घबराये तो,
खुद को एक किस्सा सुना देना !
जिन्दगी कितनी भी मुश्किल क्यों न हो,
बस मुस्कुरा देना !
आसानी से सबकुछ, हासिल हो तो, कदर कहा!
जरूरी है, कुछ पाने के लिए, कुछ गवां देना!
जाहिर है, मुसीबतों में साथ,
कोई अपने नही रहता,
चुप रहना बेशक आँख से एक,
कतरा बहा देना !
शिकायतें सिर्फ दिल मैला करती हैं,
और कुछ नही!
आसान है, गले मिलकर कभी
सबकुछ भुला देना !
बीते हुए दौर की बातें याद कर,
क्या हासिल प्यारे।
क्यों जरूरी है?
कल की याद में अपने आज को घटा देना
कुछ कमियां हम सब में है,
''ये जानते है हम''!
बहुत बड़ी बात है, किसी के ऐब को,
बे–वजह छुपा देना।
''तरीका बेशक तेरा, मुझे देने का, थोड़ा अजीब है,
पर हे ईश्वर मिले, तुझसे जो भी,
वो मेरे लिए अजीव है''

UPSC LIFE



सूर्य प्रताप सिंह
कक्षा – बी.ए. तृतीय वर्ष

कुछ करना है तो डटकर चल ।
थोड़ा दुनियां से हटकर चल !
लीक पर तो सभी चल लेते है।
कभी इतिहास को पलटकर चल॥
बिना काम के मुकाम कैसा।
बिना मेहनत के दाम कैसा?
जब तक ना हाँसिल हो मंजिल
तो राह में आराम कैसा ?
अर्जुन सा, निशाना रहा।
मन में, ना कोई बहाना रहा
लक्ष्य सामने है, बस उसी अपना ठिकाना रख॥
सोच मत, साकार कर।
अपने कर्मो से प्यार कर ।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल।
किसी और का ना इंतजार कर
जो चले थे अकेले उनके पीछे आज मेले है....
जो करते रहे इंतजार
उनकी जिंदगी में आज भी झमेले हैं ।

बचपन का जमाना

अर्जुन बाबू
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

एक बचपन का जमाना था, जिस में खुशियों का खजाना था
चाहत चाँद को पाने की थी, पर दिल तितली का दिवाना था..

खबर न थी कुछ सुबहा की, न शाम का ठिकाना था। हर मौसम सुहाना था, थक कर आना स्कूल सें, पर खेलने भी जाना था,

माँ की कहानी थी, परियों का फसाना था, बारिश में कागज की नाव थी, रोने की वजह ना थी, न हँसने का बहाना था,

क्यूँ हो गए हम इतने बड़े, इससे अच्छा तो वो बचपन का जमाना था। वो वचपन का जमाना था.....

देश के वीर जवान

सुमित मिश्रा
कक्षा – बी. ए. सी. द्वितीय वर्ष

एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए.....
जो शहीद हुए है सरहद पर ओ हो, ओ हो.....
जो शहीद हुए है सरहद पर हिन्दुस्तान के लिए
एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए
कई माँ के गोद हुए सूने कई बहन के छिन गये भाईएक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए.....
कई मांग के सिन्दूर ढल गये कई बच्चों ने बाप की चिता जलाई एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए.....
जो पिता न लौटे सरहद से कन्यादान के लिए
एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए.....
जो शहीद हुए सरहद पर ओ हो, ओ हो.....
हिन्दुस्तान के लिए एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए .....

क्या लड़की लड़का बराबर हैं

पूजा
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

1. पढ़ने को बाहर भेजने की बात हो तो लड़कों को महत्व दिया जाता है।क्या लड़की लड़का बराबर है?
2. जब बात हो त्याग करने की तो लड़की से त्याग कराया जाता है।क्या लड़की लड़का बराबर है?
3. जब लेना हो निर्णय अपने जीवन का तो लड़के से पूछा जाता है।क्या लड़की लड़का बराबर है?
4. जब बात हो रात में जाने की तो तुम लड़की कहके रोका जाता है।क्या लडकी लडका बराबर है?
5. गलत काम के भागीदार जब दोनों हो तो श्रेय केवल लड़की को दिया जाता है है।क्या लड़की लड़का बराबर है?

अनमोल वचन

दीक्षा यादव
कक्षा – बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

1. इज्जत भी मिलेगी दौलत भी मिलेगी।
सेवा करो माँ बाप की जन्नत भी मिलेगी।
2. जिसके पास कुछ भी नहीं है, उस पर दुनिया हंसती है, जिसके पास सब कुछ है, उससे दुनिया जलती है मेरे पास आप जैसे अनमोल रिश्ते है जिनके लिए दुनिया तरसती है।
3. इतनी मेहरबानी मेरे ईश्वर बनाये रखना, जो रास्ता सही हो उसी पर चलाये रखना न दुखे दिल किसी का मेरे शब्दों से इतनी कृपा मेरे ऊपर बनाये रखना।
4. मेरे गलतियाँ मुझसे कहो दूसरो से नहीं, क्योंकि सुधारना मुझे है दूसरों को नहीं?
5. खुश हूँ और सबको खुश रखती हूँ, फिर भी सबकी परवाह करती हूँ । मालूम है, कोई मोल नहीं मेरा फिर भी अनमोल लोगों से रिश्ता रखती हूँ।

''माँ की दुआ''

संगीता
कक्षा – बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

माँ की दुआ जिन्दगी बना देती है।
खुद रोती है, मगर हमे हँसा देती है
भूल से भी उसे मत रूलाना कभी
माँ की एक दुआ आसमाँ हिला देती है।

हर खुशी में कुछ कमी रह जायेगी
आँख थोड़ी सब नमी रह जायेगी
जिन्दगी को आप कितना भी सबारिए
विना माँ के जिन्दगी अधूरी रह जायेगी।

माँ तो जंनत का फूल है
प्यार करना उसका असूल है
दुनिया की मोहब्बत फिजुल है
माँ को नाराज करना तेरी भूल है
माँ के कदमों की मिट्टी जन्नत की धूल है।



अनमोल वचन

मोहित यादव
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

किसी के काम जो आये, उसे इन्सान कहते हैं। पराया दर्द अपनाये, उसे इन्सान कहते हैं।
कभी धनवान है कितना, कभी इन्सान निर्धन है, दुख है इसी का नाम जीवन है। जो मुश्किलों में न घबराये, उसे इन्सान कहते हैं किसी के काम जो आये, उसे इन्सान कहते हैं।
यूँ भरने को तो दुनिया में, पशु भी पेट भरते हैं, लिये इन्सान का दिल जो, वहीं परमार्थ करते हैं। स्वयं जो बाँटकर खाये, उसे इन्सान कहते हैं। किसी के काम जो आये, उसे इन्सान कहते हैं।
यह दुनिया है एक उलझन, कहीं धोखा, कहीं ठोकर, कोई हँस–हँस के सहता है, कोई सहता है रो–रो कर, जो गिरकर भी संभल जाये, उसे इन्सान कहते हैं। किसी के काम जो आये, उसे इन्सान कहते हैं
कभी सद्गुण हँसाते हैं, कभी भूलें रुलाती जाती हैं। भला है भूल न होना, मगर वो हो जो करके मान ले गलती, उसे इन्सान कहते हैं किसी के काम जो आये, उसे इन्सान कहते हैं

अल्फाज (कलम से)

(सीमा पर जवान कहता है।,)

किसी चिड़िया की आँखों में, उड़ानें छोड़ आया हूँ ।
किसी की आँख में, आँसू की धारा छोड़ आया हूँ ।
मुझे अपनी तू छाती से लगा लेना ऐ धरती माँ,
मैं अपनी माँ की बाँहों को, तरसता छोड़ आया हूँ।–

(मतलबी जमाना)

जहाँ हों दुख की परछाई, वहाँ अपने नहीं होंगे जहाँ खुशियों का हो सावन, वहाँ अपने सभी होंगे मगर मैं इस जमाने से यही हर बार कहता हूँ, जहाँ हम आज हैं लेकिन वहाँ पर कल नहीं होंगे

"पिता"

प्रांजल रस्तोगी
कक्षा – बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष

मैं आंख खोलू तो चेहरा मेरे पापा का हो ..
आंख बंद हो तो सपना मेरे पापा का हो...
मैं मर भी जाऊं तो
कोइ गम नहीं
लेकिन सामने बैठे हो
वो चेहरा मेरे पापा का हो .....

इसी का नाम जिन्दगी है

कुछ दबी हुई ख्वाहिशे है, कुछ मंद मुस्कुराहटें
कुछ खोए हुए सपने है, कुछ अनसुनी आहटें
कुछ सुकून भरी यादें है , कुछ दर्द भरे लम्हात
कुछ थमे हुए तूफाँ हैं, कुछ मद्धम सी बरसात कुछ
अनकहे अल्फाज हैं कुछ नासमझ इशारे कुछ ऐसे
मंझधार है, जिनके मिलते नहीं किनारे
कुछ उलझनें हैं राहों में, कुछ कोशिशें बेहिसाब
बस इसी का नाम जिन्दगी है चलते रहिये ...
जनाब....!!

भगवान का स्वरूप

लवली
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

अगर वनाने वाला अपने आप को पहाड़ की चोटियों पर रख देता तो कोई बीमार लंगड़ा कैसे उन पहाड़ियों पर चढ़कर के उसको खोजता? वह होता मजाक। अगर बनाने वाला अपने आप को शब्दों में रख देता तो बहरा कैसे सुनता? अगर वह अपने आप को पेड़, चिड़िया आकाश या पृथ्वी या माला – जैसा रूप दे देता तो सोचने की बात है कि फिर अंधा कैसा रूप दिया? तो बनाने वाले ने अपने आपको कैसा रूप दिया? कि चाहे आंखे हो या न हों फिर भी हम उसे देख सकें। ऐसा रूप दिया, और अपने को ऐसा जगह रखा कि कोई भी हो– लगड़ा हो भाग सकने वाला हो, दौड़ सकने वाला हो, कोई भी हो, वह वहाँ पहुँच सके। तुम मुझको बताओ, ऐसी जगह कहां है? तो क्या स्वरूप दिया?
ऐसा जो सब देख सके।
चश्में की भी जरूरत नहीं।

चुटकले

पति – आज खाना सासू माँ ने वनाया है क्या?
पत्नी – वाह कैसे पहचाना।
पति – जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे।
आज सफेद निकला है।

टीचर – लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है।
संता – सर लड़के चोर होते हैं।
टीचर – वह कैसे? क्योंकि चोरो की नजर हमेशा पराए धन पर होती है।

लवली
कक्षा – बी.ए. प्रथम वर्ष

माँ बाप का प्यार

नसीब वाले हैं वो जिनके सिर पर माता – पिता का हाथ होता है, हर इच्छा पूरी होती है ।
अगर माता पिता का साथ होता हैं। अपने बच्चों का हर दुख वो खुद ही सह लेते हैं।

खुदा की उस जीवित प्रतिमा को माता पिता कहते हैं। एक बात यह हमेशा याद रखनी चाहिए,
कि जीवन में माँ का स्थान भगवान से कम नहीं हैं। वो माँ बाप ही है जो हमसे निस्वार्थ प्रेम करते हैं।

ना उसे मजबूरियां रोक सकी, ना ही उसे मुसीबत रोंक सकी,
आ गई माँ जो बच्चों ने याद किया माँ को तो मीलो की दूरियां भी ना रोक सकी।

इस दुनिया में केवल हमारे मां बाप ही एक इंसान है,
जो चाहते है कि हमारे बच्चे हमसे भी ज्यादा कामयाब हो।

इन पैसो में कहां तुम को बफा मिलती हैं,
माता – पिता के हाथ भी चूमो तो दुआ मिलती हैं,

जरा प्यार की नजर से उन्हें देखो तो यारों,
उनकी एक मुस्कान में भी जन्नत की अदा मिलती हैं।

आज हजारों के नोटों में भी वो खुशी कहाँ,
जो खुशी माँ से मिलने वाले एक रुपये के सिक्के में होती थी।

सब कहते तो हैं कि पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता,
पता नहीं फिर भी लोग अपने माँ बाप को क्यो भुल जाते हैं।

रिंकी यादव
कक्षा – एम.ए. प्रथम वर्ष



What is Life

Life is an exam,
You have to pass it.
Life is a long path,
You have to cover it.
Life is a store room,
You have to search things.
Life is a drama,
You have to play it.
Life is duty,
It is not only a beauty.
Life is a lesson,
Not only fashion.
Life is a challenge,
But difficult to balance.
Life is a game,
But difficult to get same.
Life is an ice – cream,
Enjoy it before it melts.

महंगा शौक

मधुर वाणी बोलना एक मंहगा शौक है
जो हर किसी के बस की बात नहीं है,
अपने खराब मूड के समय बुरे शब्द न बोले
खराब मूड को बदलने के बहुत मौके मिलेंगे
माना दुनिया बुरी है
सब जगह धोखा है
लेकिन हम तो अच्छे बने
हमें किसने रोका है।

बिटिया क्या है?

अगर बेटा आन है, तो बेटी शान है,
अगर बेटा तन है, तो बेटी मन है।
अगर बेटा वंश है, तो बेटी अंश हैं।
अगर बेटा मान है, तो बेटी गुमान हैं।
अगर बेटा संस्कार है, तो बेटी संस्कृति हैं।
अगर बेटा दवा है, तो बेटी दुआ है।
अगर बेटा शब्द है, तो बेटी विधाता है,
अगर बेटा शब्द है, तो बेटी अर्थ है।
बेटा गीत है तो बेटी संगीत है
बेटा धर्म है तो बेटी धार्मिक है।

नीतू मौर्य
कक्षा – बी.ए. द्वितीय वर्ष

देश भक्ति गीत

काश मेरे जिंदगी में
सरहद को कोई शाम आए
मेरी जिन्दगी मेरे वतन के काम आए
ना खौफ है मौत का, ना आरजू है जन्नत की
लेकिन जब कभी जिक्र हो शहीदों का
काश! मेरा भी नाम आए।
काश! मेरा भी नाम आए।
तैरना है तो समंदर में तैरो
नदी और नहरों क्या रखा है
प्यार में मरना है तो वतन पे मरो
वतन पे मरोगो तो नाम होगा
किसी के प्यार में मरोगे तो नाम वदनाम होगा।
ना धर्म मेरा है ना रौब मेरा है
ना बड़ा सा नाम मेरा है
मुझे तो एक छोटी सी वात का गर्व है
मै ''हिन्दुस्तान'' का हूँ औ हिन्दुस्तान मेरा है।
मुझे ना तन चाहिए ना धन चाहिए
बस अमन से भरा ये वतन चाहिए
जब तक जिन्दा रहुंगा
इस मातृ–भूमि के लिए
और जब मरूँ तो तिरंगा कफन चाहिए
जय हिन्द, जय भारत

माँ पर कविता

अपनी सारी खुशियाँ हम पर लुटा देती हो,
माँ तुम इतना कैसे कर लेती हो,
अपनी सारी खुशियाँ हम पर लुटा देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।
जब–जब भी ये तकदीर दगा देती है,
माँ की मुस्कराहट उम्मीद जगा देती है।
मेरे हौसले को उड़ान तुम देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।
दूर जब भी तुमसे होती हूँ माँ,
सच कहूँ तो अकेले में रोती हूँ माँ।
मेरी हर ख्वाहिश तुम पूरी कर देती हो,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो,
सच की राह पर चलना सिखाया है हमको,
जीने का मतलब वनाया है हमको,
जीवन को अनमोल बातें सिखा देती है
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।
मेरे दुखी होने से तकलीफ मुझसे ज्यादा होती है,
मेरे खुश होने से खुशी तुम्हें ज्यादा होती है।
मुझे जरा सी चोट लगने पर आँसू बहा देती है,
माँ तुम इतना सब कैसे कर लेती हो।

अरूण कुमार गौतम
कक्षा – बी.एस.सी. तृतीय वर्ष

कविता – सिपाही

सरहद पर गोली खा के जब टूट जाये मेरी साँस, मुझे भेज देना यारों मेरी बुढी मां के पास बड़ा शौक था उसे में घोडी चंढ़ धम धम ढोल बाजे वो ऐसा ही करना मुझे घोड़ी पर ले जाना पूरे गाँव में घुमाना। और ढोल बजाना,

और मेरी माँ से कहना बेटा दुल्हा बनकर आया है बहूँ नहीं ला पाया तो क्या बरात तो लाया है, मेरे बाबूजी पुराने फौजी है। वडे मनमौजी है कहते बे बच्चे तिरंगा लहराकर आना या तिरंगे में लिपट कर आना,

कह देना उनसे मैने उनकी वात रख ली, दुश्मन को पीठ नहीं दिखाई आखिरी गोली भी सीने पर खाई मेरा छोटा भाई उससे पूछना क्या मेरा वादा निभाएंगो, मै सरहद से बोलकर आया था एक बेटा जायेगा तो दुसरा – आयेगा

मेरी छोटी बहन उससे कहना मुझे याद था उसका तोहफा, लेकिन अजीब इत्फाक हो गया, राखी से पहले भाई राख हो गया, वो कुंए के सामने वाला घर दो घड़ी के लिए वहां जरूर ठहरना, वही तो रहती है।

